* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 16

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


इडी का दावा: सीएम भूपेश बघेल को मिले 508 करोड़, महादेव सट्टेबाजी ऐप मामला








## बच्चों ने पेंटिंग से मन मोहा



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को रांची स्थित ऑड्रे हाउस रांची में आयोजित 'चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जिबिशन' का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 3 से 5 नवंबर तक चलेगी। (खबर पेज-3 पर)

### दीपावली से पहले राज्यकर्मियों को मिला तोहफा

# चार फीसदी डीए बढ़ाने की हेमंत कैबिनेट ने दी मंजूरी

- बैठक में 23 प्रस्तावों पर लगी मुहर
- मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना के लिए राशि मंजूर
- झारखंड जगुआर के पदाधिकारियों और कर्मियों का भत्ता पुनरीक्षित करने की मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दीपावली से पहले हेमंत सरकार ने राज्यकर्मियों को तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता (डीए) चार फीसदी बढ़ाने की स्वीकृति दी गयी। इसका लाभ राज्य के पेंशनभोगी कर्मियों और पारिवारिक पेंशन पाने वालों को भी मिलेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना के तहत 1485 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति, झारखंड जगुआर के पदाधिकारियों और कर्मियों के भत्ता में पुनरीक्षित करने की मंजूरी समेत कुल 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

बैठक के बाद कैबिनेट सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। राज्यकर्मियों (सातवां केंद्रीय वेतमान प्राप्त कर रहे) का महंगाई भत्ता 42 से बढ़ा कर 46 फीसदी किया गया है। ये 1 जुलाई 2023 के प्रभाव से लागू होगा। इसी तरह राज्य के पेंशन और पारिवारिक पेंशनभोगियों का डीए चार फीसदी बढ़ाने की मंजूरी दी गयी। वहीं, झारखंड उच्च न्यायालय की अनुशंसा तथा झारखंड वरीय न्यायिक सेवा भर्ती नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली के प्रावधानों के अंतर्गत राज्य में 13 अभ्यर्थियों को झारखंड वरीय न्यायिक सेवा से जिला न्यायाधीश के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त करने की मंजूरी दी गयी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- रांची में फ्लाइओवर निर्माण के लिए भू-अर्जन और यूटीलिटी शिफ्टिंग के लिए 213.35 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति।
- धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में साइंस ब्लॉक निर्माण के लिए 37.47 करोड़ की मंजूरी।
- झारखंड पुलिस रेडियो ऑपरेटर नियुक्ति नियमावली एवं झारखंड राज्य पुलिस रेडियो में अवर निरीक्षक, वितंतु संवर्ग नियुक्ति नियमावली में संशोधन की स्वीकृति।
- गोलाई वीयर योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर के लाइनिंग कार्य के लिए 35.75 करोड़ रुपये की मंजूरी।
- घाघरी वीयर योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर का लाइनिंग कार्य के लिए 42.34 करोड़ रुपये की मंजूरी।
- पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चाइबासा के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता संजय कुमार शर्मा के दंड के विरुद्ध अपील आवेदन को अस्वीकृत किया गया।
- औद्योगिक घरानों के द्वारा झारखंड राज्यांतर्गत निर्मित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संचालन के संबंध में शर्तों में संशोधन की स्वीकृति।
- भारत के नौ राज्यों से झारखंड के प्रवासी श्रमिकों के कल्याणार्थ समझौता ज्ञापन के प्रारूप पर अनुमोदन की मंजूरी।
- स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) विभाग में प्रमंडलीय संवर्ग के निम्नवर्गीय लिपिकों एवं आदेशपालों के पदों के युक्तिकरण की मंजूरी।
- दुमका स्थित हवाई अड्डा में प्रस्तावित प्रशिक्षण अकादमी के लिए 15 प्रशिक्षुओं के लिए शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति नीति के निर्धारण की स्वीकृति।
- वर्ष 2024 में झारखंड सरकार के सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों तथा बैंकों में सार्वजनिक एवं अन्य अवकाश घोषित करने की स्वीकृति दी गयी।

### आइआइटी बनारस में छात्रा को निर्वस्त्र करने का मामला

# आश्वासन पर प्रदर्शन खत्म, पीएमओ ने मांगी रिपोर्ट

- आइआइटी और बीएचयू के बीच दीवार बनाने का निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के कैंपस में बुधवार की रात दोस्त के साथ घूम रही आइआइटी की एक छात्रा के साथ हुई छेड़छाड़ के मामले पर छात्र उग्र हैं। छात्रों का विरोध गुरुवार को शुरू हुआ, जो शुक्रवार को भी जारी रहा। विरोध को देखते हुए पुलिस और आइआइटी बीएचयू के डायरेक्टर ने छात्रों के साथ बैठक की। उन्हें भरोसा दिया कि सात दिन में सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। इसके बाद छात्रों ने प्रदर्शन खत्म किया। उधर, प्रशासन ने आइआइटी और बीएचयू के बीच दीवार बनाने का फैसला किया है। हालांकि, एबीवीपी छात्र इसका विरोध कर रहे हैं। 7वहीं, पूरे मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन से रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने पुलिस कमिश्नर से फोन पर बात की। उन्होंने छात्रों को कड़ी सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया।

# इडी ने भूमि घोटाला मामले में रांची जेल में छापा मारा

- भूमि घोटाले में सबूत मिटाने के षड्यंत्र की सूचना पर हुई कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को रांची के बिरसा मुंडा जेल में छापामारी की। सूत्रों के मुताबिक झारखंड में कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले के गवाहों को प्रभावित करने और सबूत मिटाने के षडयंत्र रचे जाने की सूचना के आधार पर छापा मारा गया है। सूत्रों ने कहा कि कुछ गिरफ्तार स्थानीय बाहुबलियों द्वारा गवाहों को प्रभावित करने, इडी अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने और सबूतों से छेड़छाड़ करने या नष्ट करने की साजिश रचे जाने की जानकारी एजेंसी को मिली है। इसके बाद जेल में छापा के लिए कदम उठाया गया है।

सूत्रों के मुताबिक इडी की छापेमारी में यह सबूत मिला है कि जेल में लगे सीसीटीवी फुटेज को नष्ट किया जा रहा है। इसमें जेल प्रशासन अपने तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों की मदद ले रहा है। इडी को सूचना है कि जेल प्रशासन इस कोशिश में है कि प्रेम प्रकाश और मनी लांड्रिंग केस में बंद अन्य आरोपितों को जेल में जो सुविधाएं दी जा रहीं हैं, वह इडी को पता न लग जाये। इसी उद्देश्य से सीसीटीवी फुटेज नष्ट किया जा रहा था। इस मामले में इडी जल्द ही मनी लांड्रिंग की विशेष अदालत में जानकारी देगी। जेल में प्रेम प्रकाश के बाहरी सहयोगियों का आना-जाना है, जिन्हें वह गवाहों को प्रभावित करने के लिए दिशा-निर्देश देता है। इससे संबंधित सीसीटीवी फुटेज को नष्ट किया गया है। सूत्रों के अनुसार इडी को यह भी सूचना है कि प्रेम प्रकाश बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में अपना सिंडिकेट चला रहा है। वह इडी के गवाहों को प्रभावित करने के लिए भी कोशिश में जुटा है। वह गवाहों को यह भी समझा रहा है कि इडी के अधिकारियों के विरुद्ध एसटी/एससी अधिनियम में केस दर्ज करा कर उन्हें फंसायें। इससे इडी का केस कमजोर होगा। गौरतलब है कि भूमि घोटाला मामले में आइएएस अधिकारी छवि रंजन समेत लगभग 14-15 आरोपी जेल में हैं।

### प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी शुरू

# भाजपा के वरिष्ठ नेता खूंटी में जुटे

- नरेंद्र मोदी 15 नंवबर को भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने उनकी जन्मस्थली उलिहातू आयेंगे

**अजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नंवबर को झारखंड आ रहे हैं। वह भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने उनकी जन्म स्थली खूंटी के उलिहातू जायेंगे। उनके आगमन को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की शुक्रवार को खूंटी में बैठक हुई। बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री 15 नंवबर को सुबह 10 बजे उलिहातू आयेंगे। खूंटी में प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी है।

आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित कर झारखंड का सम्मान बढ़ाया है। उनका झारखंड की जनता के साथ विशेष लगाव है। जनता का प्रेम बार-बार उन्हें झारखंड तक खींच लाता है। प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में भी काई बार झारखंड का जिक्र किया है। प्रधानमंत्री के खूंटी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर हुई बैठक में पद्म भूषण कड़िया मुंडा, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, बबन गुप्ता, रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, ग्रामीण रांची जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो सहित खूंटी, सिमडेगा आदि जिलों के जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारी शामिल हुए।

## यूट्यूबर पर सांपों के जहर की तस्करी का आरोप

नोएडा। फेमस यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विश यादव के खिलाफ नोएडा के सेक्टर-49 में मुकदमा दर्ज हुआ है। उन पर जहरीले सांपों की तस्करी करने और गैर कानूनी रूप से रेव पार्टी आयोजित करवाने का आरोप लगा है। एल्विश यादव पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने सापों की तस्करी की है। वह इनके जहर का इस्तेमाल करते हैं। राजनीतिज्ञ और पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी ने एल्विश यादव को किंगपिन (सरगना) बताया है। उन्होंने कहा है एल्विश की गिरफ्तारी जरूर हो।













आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |



# ऐसे मुद्दों के सहारे सत्ता की दहलीज तक पहुंचना कांग्रेस के लिए मुश्किल

## ■ मुफीद नहीं होगा तीन शब्दों के सहारे सियासी सफर तय करने की रणनीति

## ■ गठबंधन के साथियों के साथ मिल कर चलने से ही सियासी मंजिल मिलेगी

आजाद सिपाही विशेष

**पांच राज्यों में इसी महीने होनेवाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस आक्रामक मूड में भी है और बेहद आत्मविश्वास में भी। इन चुनावों के बाद कांग्रेस को उम्मीद है कि 2024 का आम चुनाव उसके लिए बेहद सकारात्मक नतीजे लेकर आयेगा, क्योंकि उसके सबसे बड़े नेता, यानी राहुल गांधी इन दिनों एक खास तरह की राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस की यह उम्मीद केवल राहुल गांधी की राजनीति के कारण ही नहीं, बल्कि पार्टी के दूसरे बड़े नेताओं द्वारा अपनायी जा रही रणनीति के कारण भी पैदा हुई है। राहुल गांधी की यह राजनीति पूरी तरह आरोपों पर आधारित है। पिछले दिनों उन्होंने एप्पल द्वारा भेजे गये एक अलर्ट मैसेज को लेकर केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस मैसेज से यह साफ हो गया है कि केंद्र सरकार अपनी एजेंसियों की मदद से विपक्षी नेताओं के फोन की जासूसी कर रही है। हालांकि उनके इस मुद्दे की हवा उसी समय निकल गयी, जब सरकार ने इस मामले की जांच कराने की घोषणा कर दी, लेकिन राहुल गांधी ने बता दिया है कि अब वह और उनकी कांग्रेस पार्टी ऐसे ही कुछ मुद्दों के सहारे सत्ता की दहलीज तक पहुंचने की कोशिश करनेवाली है। राहुल गांधी यदि यह समझ रहे हैं कि विपक्षी नेताओं की जासूसी, कुछ उद्योगपतियों से कथित सांठगांठ और भ्रष्टाचार जैसे हवाई मुद्दों के सहारे सत्ता के दरवाजे तक पहुंचना आसान है, तो यह गलतफहमी ही होगी, क्योंकि इसी तरह के आरोपों की राजनीति का हश्र वह 2019 में देख चुके हैं, जब उन्होंने राफेल के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया था। कांग्रेस को जनहित में दमदार मुद्दे और भारत को शक्तिशाली बनाने के लिए ठोस रणनीति लेकर सामने आने होगी। क्या है कांग्रेस की रणनीति और 'राजा, तोता और जान' जैसे तीन शब्दों के सहारे अपनी सियासी नाव को पार लगाने की कोशिश कितनी कारगर होगी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश के कुछ नेताओं के फोन में जासूसी को लेकर एक बार मामला फिर से गर्म हो गया है। कांग्रेस की ओर से इस मामले में की गयी प्रेस कांफ्रेंस के बाद अब आने वाले चुनाव में उसकी बदली हुई सियासी रणनीति का काफी अंदाजा लगने लगा है। कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने जिस तरह से देश के अलग-अलग पार्टी के नेताओं के मोबाइल में जासूसी के लिए लगायी जाने वाली सेंध के आरोपों को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की और उसमें 'राजा, तोता और उसमें बसी जान' के बारे में जिक्र कर आने वाले चुनावों में अपने मुद्दे का भी इजहार कर दिया। सियासी जानकारों से लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता भी मानते हैं कि आनेवाले दिनों में कांग्रेस पार्टी अब इसी रणनीति के आधार पर सियासत को नयी धार देनेवाली है।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल विपक्ष के कई नेताओं ने दावा किया है कि उनके मोबाइल पर फोन निर्माता द्वारा एक संदेश भेजा गया है, जिसमें कहा गया कि उनके फोन में सरकार समर्थित हैकरों द्वारा हैकिंग की कोशिश की गयी है। जिन नेताओं ने यह शिकायत की है, उनमें तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर और पवन खेड़ा समेत कई नेता शामिल हैं। इसके बाद ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करते हुए पुराना राग अलापना शुरू कर दिया। राहुल गांधी ने अपनी कांफ्रेंस के दौरान जिन तीन बातों का महत्वपूर्ण तरीके से कहानी के माध्यम से जिक्र किया, उसने 'राजा तोता और उसमें बसी जान' शामिल है। कांग्रेस पार्टी के नेता जयराम रमेश कहते हैं कि उनकी पार्टी जितना मुखर होकर एक औद्योगिक घराने पर हमला करती है, केंद्र सरकार उसी तरीके से बतौर प्रतिक्रिया सरकारी जांच एजेंसी को शामिल कर उनके नेताओं पर शिकंजा कसती है।



### क्या हो सकती है कांग्रेस की रणनीति

सियासी जानकार भी मानते हैं कि राहुल गांधी ने जिस तरीके से जासूसी के आरोपों की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एक औद्योगिक घराने पर हमला बोला है, दरअसल वह आनेवाले चुनाव में कांग्रेस के मुद्दों की लाइन-लेंथ के हिसाब से की गयी बॉलिंग है। राहुल गांधी ने इस कांफ्रेंस के दौरान न सिर्फ अपने नेताओं का जिक्र किया, बल्कि उन सभी नेताओं का हवाला देते हुए उनके फोन में की जाने वाली जासूसी के बारे में खुल पर केंद्र सरकार पर हमला किया। यह सभी जानते हैं कि अभी तक कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है, जो लगातार एक खास औद्योगिक घराने पर खुल कर हमला कर रही है, जबकि उनके ही गठबंधन में कुछ संगठन ऐसे हैं, जो इस मामले पर चुप्पी साधे हैं। जिस तरह राहुल गांधी ने सभी नेताओं के मोबाइल में भेजे गये सेंधमारी के मैसेज का जिक्र किया, उससे कम से कम इस मामले में एकजुटता तो दिख रही है। जानकारों का मानना है कि राहुल गांधी ने जिस तरीके से मोबाइल में की जाने वाली सेंधमारी के मुद्दे पर आयोजित की गयी प्रेस कांफ्रेंस के दौरान औद्योगिक घराने पर सबसे बड़ा हमला बोला है, वह आनेवाले चुनाव में कांग्रेस का सबसे बड़ा सियासी हथियार बननेवाला है।

### तीन शब्दों के सहारे सियासी सफर

राहुल गांधी ने अपने इन तीन शब्दों 'राजा, तोता और जान' को लेकर जिस तरह प्रेस कांफ्रेंस में जिक्र किया, उससे स्पष्ट होता है कि आने वाले चुनावों में एक बार फिर से इस औद्योगिक घराने के मुद्दे पर कांग्रेस अपने सियासी तरकश से यह तीर चलाने वाली है। कांग्रेस पार्टी से जुड़े नेता भी मानते हैं कि इस तरीके के मुद्दों के साथ उनकी पार्टी न सिर्फ केंद्र सरकार को पिछले चुनाव में भी घेरती आयी है, बल्कि आने वाले चुनाव में और लोकसभा के चुनाव में व्यापक तरीके से केंद्र सरकार का घेराव करेगी। कांग्रेस के नेता खुल कर कहते हैं कि केंद्र सरकार ने जिस तरीके से एक औद्योगिक घराने के माध्यम से देश को लूटने का खाका तैयार किया है, वह बड़ा खतरनाक है। उनका कहना है कि राहुल गांधी ने बुधवार को जो आरोप लगाये हैं, वे शत प्रतिशत सही हैं। उनका कहना है कि बिजली से लेकर रेलवे में जाने वाला जनता का पैसा उस औद्योगिक घराने के नाम पर जा रहा है।

### ऐसे मुद्दे चुनाव में कारगर नहीं

जानकारों का कहना है कि इस तरह के आरापों पर आधारित राजनीति का चुनावों में कोई असर नहीं पड़ता है। भारतीय चुनावों का विश्लेषण करनेवालों के अनुसार भारतीय मतदाता आज भी दूरगामी मुद्दों की बजाय तात्कालिक मुद्दों पर वोट करता है। इतना ही नहीं, वोट करने से पहले उसके दिमाग में कई तरह की बातें आती हैं और अधिकांश वोट बिना पूर्व निर्धारित मुद्दों के आधार पर पड़ता है। चुनाव में रातोंरात हवा बदल जाती है। ऐसे में कांग्रेस को और राहुल गांधी को भी यह समझना होगा कि इस तरह के हवाई मुद्दों के आधार पर सत्ता के दरवाजे तक का सफर असंभव नहीं, तो बेहद मुश्किल भरा जरूर हो सकता है।

---

राजनीतिक हलचल

# केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जारी की छत्तीसगढ़ में मोदी गारंटी

## छत्तीसगढ़ में भाजपा के घोषणा पत्र में बड़ी घोषणाएं

- प्रति क्विंटल 3100 रुपये एकमुश्त मिलेगा
- भूमिहीन मजबूरों को सालाना 10,000 रुपये
- पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर
- 10 लाख तक गरीबों का मुफ्त इलाज। पांच लाख आयुष्मान से। उसके ऊपर मुख्यमंत्री विशेष सहायता से।
- 5500 में खरीदेंगे तेंदूपत्ता
- 4500 रुपये तक बोनस
- चरण पादुका और अन्य सुविधा
- बस्तर और सरगुजा का अलग से घोषणापत्र जारी होगा
- सभी 90 विधानसभा क्षेत्र के लिए स्थानीय जरूरत को ध्यान में रखते हुए पृथक घोषणा पत्र
- छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए रामलला दर्शन योजना
- 1000 किलोमीटर लंबी शक्तिपीठ परियोजना
- जुड़ेंगी 5 शक्तिपीठ
- डेढ़ लाख बेरोजगार युवाओं को भर्ती कर सार्वजनिक घर पहुंच सेवा
- उद्यम क्रांति के तहत 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याजमुक्त ऋण
- बनेंगे 18 लाख प्रधानमंत्री आवास
- दो साल के भीतर हर घर निर्मल जल
- दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर एससीआर स्टेट केपिटल रीजन
- इनोवेशन हब में 6 लाख रोजगार के अवसर
- विद्यार्थियों को मिलेगा ट्रेवल एलाउंस
- इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ के तहत देशी विदेशी कंपनियों से निवेश आमंत्रण

छत्तीसगढ़ में होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बीजेपी का संकल्प पत्र लांच किया। अमित शाह ने घोषणा पत्र जारी करने के बाद कहा कि अगले पांच साल में हम छत्तीसगढ़ को भी सबसे विकसित राज्य बनायेंगे। 15 साल की हमारी सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए कई काम किये। कई योजनाओं की शुरूआत छत्तीसगढ़ से हुई। पंचायत चुनाव में 50 फीसदी आरक्षण महिलाओं को देने की शुरूआत छत्तीसगढ़ से हुई है। साथ ही हमारी सरकार ने पावर सर प्लस स्टेट बनाया है। अमित शाह ने कहा कि दो साल में एक लाख पदों पर नयी नौकरियां निकालेंगे। हमारी सरकार ने दो से 15 मेडिकल कॉलेज किये हैं। साथ ही 50 इंजीनियरिंग कॉलेज भी पहुंचाये हैं। मैनेजमेंट के कॉलेज दो से 16 किये हैं। 42 एकलव्य विद्यालय बनाये हैं। अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में सबसे बड़े विघ्न भूपेश बघेल हैं। भूपेश बघेल कांग्रेस पार्टी के एटीएम हैं। अमित शाह ने कहा कि हमने लाखों से चर्चा के बाद घोषणा पत्र तैयार किये हैं।

### हर विवाहित महिला को साल में 12 हजार रुपये मिलेंगे

2100 रुपये प्रति क्विंटल धान की कीमत 3100 रुपये प्रति क्विंटल करेंगे। साथ ही किसान को एकमुश्त भुगतान करेंगे। हर विवाहित महिला को भाजपा सरकार साल में 12 हजार रुपये देगी। एक लाख खाली पदों पर दो साल में भर्ती करेंगे। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनायेंगे। हर घर निर्मल जल। चरपादुका योजना की शुरूआत। तेंदुपत्ता के अतिरिक्त संग्रहण करने वाले को 4500 रुपये का बोनस।

गरीबों के लिए सस्ती दवाओं के लिए 500 नये प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जायेंगे।




पब्लिक सेवा आयोग की परीक्षा में पारदर्शिता होगी, इससे भर्ती घोटाले नहीं आयेंगे। पब्लिक सेवा आयोग में घोटाले करने वाले लोगों पर कार्रवाई होगी। युवाओं को नये उद्योग लगाने पर 50 फीसदी सब्सिडी देंगे। सेंट्रल भारत का इनोवेशन हब बनाने के लिए रायपुर में एक बड़ा केंद्र बनायेंगे। बच्चियों के लिए रानी दुर्गावती योजना लेकर आयेंगे। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने पर 500 रुपये में गैस सिलेंडर देंगे।

### छत्तीसगढ़ में रामलला दर्शन योजना का एलान

छत्तीसगढ़ शक्ति पीठ को उत्तराखंड की तर्ज पर विकसित करने का एलान।

रायपुर में इनोवेशन हब, 6 लाख से ज्यादा रोजगार देने का वादा।

कॉलेज जाने वाले छात्रों को मासिक ट्रैवल अलाउंस देने का वादा। एम्स की तर्ज पर हर लोकसभा क्षेत्र में सीआइएसएम बनाने का एलान इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ सम्मेलन फिर से शुरू करने का वादा।

# कौन है प्रमोद, जो अचानक छत्तीसगढ़ की राजनीति में छा गया

## कांग्रेस किस प्रमोद के राज का खुलासा करना चाहती है

**क्या है पेन ड्राइव में? बघेल और कांग्रेस के ट्वीट से सियासत गरम**

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को होगा। इससे पहले सीएम भूपेश बघेल सहित अन्य नेताओं ने एक्स पर लिखा है कि प्रमोद को उन्होंने क्या दिखाया? फिर प्रमोद ने उन्हें क्या बताया? थोड़ी देर में पता चलेगा। इसके अलावा कांग्रेस ने पेन ड्राइव का भी जिक्र किया है, जिसमें किसी राज के होने की भी बात कही है। एक तरफ जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र जारी किया, वहीं कांग्रेस भी बड़ा सियासी खुलासा करने की बात कह रही है। सीएम भूपेश बघेल ने सुबह-सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट में चार लाइन लिख कर राजनीतिक हलचल तेज कर दी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रमोद को उन्होंने क्या दिखाया? फिर प्रमोद ने उन्हें क्या बताया? थोड़ी देर में पता चलेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी यही पोस्ट शेयर की है। अब सियासी गलियारों में चर्चा हो रही है कि आखिर यह प्रमोद कौन है?



अमित शाह के छत्तीसगढ़ आने पर कांग्रेस कौन का सियासी दांव खेलने जा रही है? छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अगले ट्वीट में कहा कि, कुछ ही मिनटों में प्रमोद पर थोड़ा सा इंतजार और करिये जिसके साथ जो हुआ है, वही देखने को मिलेगा आपको, जिसके साथ हुआ है, वह खुद बतायेगा अपना अनुभव।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.4 °c | 19.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.10 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.55 बजे |



# आड्रे हाउस में 'चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जिबिशन' शुरू

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन

5 नवंबर तक बच्चों का हुनर देख सकेंगे लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के आड्रे हाउस में बच्चों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी शुक्रवार से शुरू हो गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस 'चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जिबिशन' का उद्घाटन किया। यह 5 नवंबर तक चलेगा। मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 24 जिलों के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे-बच्चियों द्वारा 'अर्निंग फॉर लर्निंग' थीम पर बनायी गयी पेंटिंग सहित अन्य कलाकृतियों का अवलोकन किया। बच्चों द्वारा कैनवास पर उतारी गयी पेंटिंग से मुख्यमंत्री काफी प्रभावित हुए। उन्होंने बाल कलाकारों की सराहाना की। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे-बच्चियां काफी उत्साहित और खुश नजर आये।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य में पहली बार 3 नवंबर से 5 नवंबर 2023 तक राज्य के विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत बाल कलाकारों द्वारा बनायी गयी कलाकृतियों का प्रदर्शनी आड्रे हाउस में लगाया गया है। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार सहित अन्य पदाधिकारी और अन्य गणनाय लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले सेल के चेयरमैन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने कहा कि रांची में आयोजित वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का मैच देखने का मौका मिला। साथ ही इस चैंपियनशिप के शानदार और सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा इस तरह के खेल का आयोजन करने से यहां के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल भी मौजूद थीं।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in / संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## गोपाष्टमी महोत्सव 20 को, होंगे कई कार्यक्रम

रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड स्थित गोशाला न्यास की गोपाष्टमी आयोजन समिति की ओर से आगामी 20 नवंबर को 119वां गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। गोशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने शुक्रवार को बताया कि 20 नवंबर को एक शाम गोशाला के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में गायिका अनुराधा पौडवाल और कविता पौडवाल अपनी प्रस्तुति देंगी। वृंदावन से नृत्य नाटिका की विशेष टीम भी आयेगी। साथ ही गोशाला में तुला दान, गणेश पूजन, शहर के विभिन्न स्थानों पर गो पूजन, शोभायात्रा, झूला मेला सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा
**ई-निविदा सूचना सं.: (1) ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-एलएचएस-15, (2) ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-एफओबी-16-पीआईएस, (3) ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-17, दिनांक 01.11.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं., संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम: (1)** रांची-पिस्का खंड के बीच एलसी सं. आरटी-1 के बदले में एलएचएस के निर्माण तथा रांची-पिस्का खंड के बीच एलसी फाटक सं. आरटी-5 के मध्य खंड की इंटरलॉकिंग के निर्माण के लिए के लिए विद्युत कार्य। **(2)** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पिस्का स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान के लिए बद्युत कार्य। **(3)** मुरी एवं एलएडी स्टेशनों पर उच्च श्रेणी के प्रतीक्षालय, एलएडी स्टेशन पर रिजर्व्ड/वीआईपी लाउंज एवं टिकट कलेक्टर कार्यालय के निर्माण के लिए विद्युत कार्य। **निविदा लागत:** ₹ 12,00,107.66 (क्रम सं. 1 के लिए), ₹ 14,84,054.14 (क्रम सं. 2 के लिए), एवं ₹ 5,25,996.54 (क्रम सं. 3 के लिए)। **ईएमडी:** ₹ 24,000/- (क्रम सं. 1 के लिए), ₹ 29,700/- (क्रम सं. 2 के लिए), एवं ₹ 10,500/- (क्रम सं. 3 के लिए)। **निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 22.11.2023 को अपराह्न 04.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए) एवं 24.11.2023 को अपराह्न 04.00 बजे (क्रम सं. 3 के लिए)। **वेबसाइट का विवरण :** https://www.ireps.gov.in/ निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिए। ई-निविदा में सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही भाग ले सकते हैं। (PR-770)

# फुट ओवरब्रिज नहीं है, रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन से दुर्घटना, मिलेगा आठ लाख मुआवजा : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि फुट ओवरब्रिज और लाइट के अभाव में रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान जान गंवाने वाली महिला के परिवार को आठ लाख का मुआवजा दिया जाये। दरअसल रेलवे न्यायाधिकरण ने मृतका के परिजनों को मुआवजा देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद मृतका के परिजनों ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। रेलवे ट्रिब्यूनल ने यह कहते हुए मुआवजा देने से इनकार किया था कि मृतक की मृत्यु रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 123 के तहत परिभाषित अप्रिय घटना में नहीं हुई थी, जिस पर प्रार्थी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यात्रियों को एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए रेलवे स्टेशन के पास कोई फुट ओवरब्रिज नहीं बनाया गया और न ही लाइट की व्यवस्था थी।

### ट्रेन से उतर कर ट्रैक पार करने के दौरान दूसरी ट्रेन की चपेट में आयी थी महिला

यह घटना तब हुई, जब महिला अपनी यात्रा खत्म करने के बाद ट्रेन से उतर कर अंधेरे में अपने घर जाने के लिए ट्रैक पार कर रही थी। इसी दौरान वह दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गयी और उसकी मौत हो गयी। अदालत ने पाया कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण रेलवे दुर्घटना थी। इसके बाद सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपने फैसले में कहा कि मृतका वास्तविक यात्री थी, जिसकी अप्रिय घटना के कारण मौत हो गयी। अपीलकर्ता मृतका के आश्रित होने के कारण रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 124 (ए) के तहत आवेदन दाखिल करने की तारीख (13 मार्च 2018) से मुआवजा राशि प्राप्त होने की तारीख तक 6% ब्याज के साथ आठ लाख (8,000,00/-) की राशि के मुआवजे के हकदार हैं। हाइकोर्ट में इस संबंध में सुरेश राम ने याचिका दाखिल की थी। उनकी पत्नी की रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान वर्ष 2018 में मृत्यु हो गयी थी।

# जेएसएससी की परीक्षा में गड़बड़ी की हो न्यायिक जांच : नेता प्रतिपक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त परीक्षा में हुई गड़बड़ी की न्यायिक जांच की मांग की है।

उन्होंने सरकार से अभ्यर्थियों पर हुए एफआइआर को भी वापस लेने की मांग की है। बाउरी ने कहा कि परीक्षा में त्रुटियों के कारण पांच केंद्र की परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की गलती के कारण बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। यह राज्य की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार झारखंड की नौकरियों को बेचने की कोशिश कर रही है। अमर बाउरी ने कहा कि सिर्फ पांच परीक्षा केंद्रों पर ही गड़बड़ी क्यों हुई। यह एक अति संवेदनशील मामला है। सरकार इस मामले की न्यायिक जांच करवाये एवं आरोपी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

### जेएसएससी ने पांच केंद्रों में ली गयी परीक्षा को किया था रद्द

गौरतलब है कि नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 29 अक्टूबर को रांची, जमशेदपुर और धनबाद के विभिन्न केंद्रों पर ली गयी थी। गड़बड़ी की बात सामने आने के बाद जेएसएससी ने पांच केंद्रों पर ली गयी परीक्षा को रद्द करने का निर्णय लिया था, जिसमें रांची का संत पॉल कॉलेज रांची, संत थॉमस स्कूल, जमशेदपुर का वैली व्यू स्कूल, विद्या भारती चिन्मय विद्यालय और धनबाद का डीएवी पब्लिक स्कूल,अलकुसा शामिल है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | परिस्थिति में सुधार,उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी। |
| वृष | रोजी-रोजगार के क्षेत्र में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ। |
| मिथुन | प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द्र की वृद्धि। |
| कर्क | आत्मविश्वास में वृद्धि,धन-द्रव्य का लाभ, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। |
| सिंह | सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे। |
| कन्या | पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा, जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे। |
| तुला | काम-काज की स्थिति में सुधार, अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे। |
| वृश्चिक | संकल्पित कार्य पूरे होंगे, आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| धनु | विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। |
| मकर | सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे। |
| कुंभ | स्वास्थ्य में सुधार,दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। |
| मीन | सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना। |

# हाइकोर्ट में एकल विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए पीआइएल दायर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को राज्य में 7000 से अधिक एकल विद्यालयों में शिक्षकों की अविलंब नियुक्ति और 4000 से अधिक जर्जर सरकारी स्कूलों को ध्वस्त कर नये स्कूलों के निर्माण को लेकर जनहित याचिका दायर की गयी है। आरटीआइ कार्यकर्ता पंकज कुमार यादव ने जनहित याचिका दायर कर मांग की है कि झारखंड में सरकारी स्कूलों की खराब व्यवस्था को ठीक करने के लिए सरकारी कर्मी और जनप्रतिनिधियों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाना अनिवार्य किया जाये।

याचिका में कहा गया है कि झारखंड में सरकारी स्कूलों की व्यवस्था देश के बाकी राज्यों की तुलना में सबसे खराब है। झारखंड के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की 50 प्रतिशत सीटें खाली हैं। माध्यमिक में 42 प्रतिशत और हाई स्कूलों में शिक्षकों के 55 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं। इस परिस्थिति में छात्रों को शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। सरकारी स्कूलों में 15 लाख से अधिक बच्चे प्रतिदिन अनुपस्थित रहते हैं। यह उदासीनता खराब शिक्षा गुणवत्ता के कारण है। अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। अब तक डेढ़ लाख विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध नहीं करायी गयी हैं।

याचिका में स्कूलों में शौचालय, प्लेग्राउंड तथा साफ सफाई की कमी का घोर अभाव बताया गया है। किसी भी स्कूल में फायर सेफ्टी इक्विपमेंट नहीं है। साथ ही किसी भी स्कूल में बरसात में वज्रपात से बचने के लिए तड़ित चालक की व्यवस्था नहीं है। आठवीं, नौवीं और दसवीं के विद्यार्थी इंग्लिश, मैथ और साइंस के शिक्षक से बिना पढ़े मैट्रिक परीक्षा पास कर जाते हैं।

राज्य में 7000 से अधिक ऐसे स्कूल हैं, जो सिर्फ एक-एक शिक्षक द्वारा संचालित हो रहे हैं। कई विद्यालय ऐसे भी हैं, जहां एक से लेकर पांचवीं तक के विद्यार्थियों को एक कमरे में एक शिक्षक द्वारा एक ही ब्लैक बोर्ड पर पढ़ाया जाता है। याचिकाकर्ता पंकज यादव ने सभी तथ्यों से जुड़े कागजात और एनजीओ की जांच रिपोर्ट एवं विधानसभा में सरकार द्वारा दिये गये जवाब की प्रति (कॉपी) झारखंड हाइकोर्ट को उपलब्ध करायी है।

# जेएसएससी परीक्षा में धांधली के खिलाफ अभ्यर्थियों का राजभवन मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में धांधली और भ्रष्टाचार के खिलाफ छात्र संगठनों ने राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया। इससे पहले अभ्यर्थियों ने मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क से राजभवन तक अधिकार मार्च निकाला। राजभवन के समक्ष प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने परीक्षाओं में धांधली का आरोप लगाते हुए मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग की। इस दौरान अभ्यर्थी घंटों सड़क पर बैठे रहे, जिस वजह से घंटों लालपुर से रातू रोड जाने वाला रास्ता जाम रहा। छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा में धांधली की निष्पक्ष जांच की मांग के लिए पूरे राज्य से मोरहाबादी मैदान में अभ्यर्थियों का जुटान हुआ। छात्र संगठनों ने कहा कि राज्यपाल से मिल कर मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग की गयी है। राजभवन मार्च के दौरान छात्र नेता मनोज यादव, देवेंद्रनाथ महतो, योगेश भारती, पुष्पा राज, चंद्रिका महतो, परशुराम मानकी, ऋतिक रजक, अनिल बेदिया आदि मौजूद रहे।

## रिम्स में डॉ मदन की संदेहास्पद मौत का मामला

# पिता ने हत्या की एफआइआर दर्ज करायी, रिम्स निदेशक ने सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रिम्स के फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग के सेकंड ईयर के छात्र डॉ मदन कुमार एम की संदेहास्पद मौत मामले में रिम्स निदेशक ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। डॉ आरके गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, अपर मुख्य सचिव और एसएसपी को जांच के लिए पत्राचार किया गया है। कहा कि रिम्स ने एक होनहार-मेधावी छात्र को खो दिया है। हृदय विदारक घटना हुई है। इस घटना की पुनरावृत्ति न हो, इस पर काम किया जा रहा है। डीन स्टूडेंट् डॉ विद्यापति ने कहा कि डॉ मदन के आकस्मिक निधन से परिवार और रिम्स को अपूरणीय क्षति हुई है।

**निदेशक कार्यालय पहुंचे परिजन, दर्ज करायी एफआइआर :** डॉ मदन कुमार एम के पिता माथियालगन तमिलनाडु से अपने परिवार के साथ रांची पहुंचे। उन्हें एयरपोर्ट से लेने के लिए राजभवन से गाड़ी पहुंची थी। राजभवन की गाड़ी से उनके परिजनों को रिम्स लाया गया। रिम्स के एकेडमिक बिल्डिंग में शोकसभा का आयोजन किया गया। रिम्स निदेशक डॉ आरके गुप्ता को देख माथियालगन फफक पड़े। लोगों ने उन्हें संभाल कर ढांढ़स बंधाया। इसके बाद परिजन निदेशक के कार्यालय पहुंचे और सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार के समक्ष एफआइआर दर्ज करायी।

**धारा 302 के तहत दर्ज की गयी है एफआइआर : प्रभात रंजन :** सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि घटना को लेकर हर एक बिंदु पर जांच की जा रही ह।. प्रशासन के द्वारा परिजनों को आश्वस्त किया गया है कि घटना के बाद से ही जांच जारी है। धारा 302 आईपीसी के तहत बरियातू थाना में केस दर्ज किया गया है और आगे का अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से हॉस्टल परिसर को सीसीटीवी कैमरे से लैस करने का निर्देश दिया गया है।

### पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मेडिकल स्टूडेंट्स

घटना के बाद से ही रिम्स के मेडिकल स्टूडेंट्स शोक में डूबे हुए हैं। डॉ मदन कुमार एम का पोस्टमार्टम रिम्स में किया गया। इस दौरान उनके साथ पढ़ने वाले छात्र पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद रहे। बता दें कि मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी गयी। पोस्टमार्टम हाउस में शव को रख कर मेडिकल स्टूडेंट ने श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनका शव परिजनों को सौंपा गया। बता दें कि तमिलनाडु के नम्मकल के रहनेवाले डॉ मदन कुमार एम का रिम्स में नामांकन 6 अक्टूबर 2022 हुआ था। 13 महीने रिम्स में पढ़ाई कर चुके थे।

### रिम्स हॉस्टल नंबर पांच के पीछे मिला था शव

बता दें कि रिम्स हॉस्टल नंबर 5 के पीछे से गुरुवार को उनका जला हुआ शव मिला था। जूनियर डॉक्टरों ने उनकी मौत को आत्महत्या मानने से इंकार किया है। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) ने मेडिकल छात्र की हत्या की आशंका जाहिर की है। छात्रों ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि कोई हत्या नहीं हुई है, तो जिस क्षेत्र में शव मिला है, उसके आसपास कोई ज्वलनशील पदार्थ या कोई कंटेनर क्यों नहीं मिला। साथ ही लाइटर या माचिस की तीली क्यों नहीं मिली। जूनियर डॉक्टर संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर जयदीप चौधरी ने कहा कि वह एफएमटी विभाग का चिकित्सक था। ऐसे में आत्महत्या के लिए इतना हिंसक तरीका कैसे अपना सकता था।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय मजदूर संघ का राजभवन घेराव

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले शुक्रवार को सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार, झारखंड राज्य सहकारी बैंक की समस्याओं, मोटिया मजदूर, मनरेगा कर्मियों, कोयला उद्योगों में भ्रष्टाचार, कोयला चोरी रोकने समेत कई मुद्दों को लेकर राजभवन के सामने धरना-प्रदर्शन किया गया। इसमें राज्य की हजारों आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, बीटीटी कर्मचारी संघ, भवन निर्माण, अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, नगर पालिका, विद्युत वितरण व सफाई कर्मचारी शामिल हुए। संघ के उपाध्यक्ष अंगद उपाध्याय ने बताया कि वे लोग झंडा-बैनर के साथ प्रदर्शन करते हुए मोरहाबादी से रेडियम रोड होते हुए राजभवन पहुंचे। वहां धरना- प्रदर्शन के बाद प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह की अध्यक्षता में सभा की गयी। सभा के बाद राज्यपाल को 18 सूत्री मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा गया।

# खेल में तेजी से कदम बढ़ाये सरकार : बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि न केवल हॉकी, बल्कि सभी खेलों में झारखंड की क्षमता और यहां के खिलाड़ियों, युवाओं की प्रतिभा से पूरे देश के साथ ही पूरी दुनिया भी अच्छी तरीके से परिचित है। लेकिन एक बार फिर से झारखंड ने यह प्रमाणित कर दिया है कि यहां के युवा और खेल प्रतिभाएं अपने अद्भुत खेल कौशल एवं जुझारू क्षमता के बलबूते दुनिया में भारतीय खेल को इसकी पहचान दिला सकते हैं।

श्री तिर्की ने कहा कि रांची में झारखंड वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी ने एक बार पुनः यह साबित कर दिया है कि झारखंड, किसी भी अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्धा और चैंपियनशिप की मेजबानी कर सकता है। श्री तिर्की ने कहा कि जब भी झारखंड की चर्चा होती है तो आमतौर पर लोगों का ध्यान यहां की खनिज संपदा, कारखाने, खान - खदान, कुशल श्रमिकों पर जाता ही है, लेकिन वास्तविकता यह है कि झारखंड में वैसे सक्षम लोगों की भरमार है जो न केवल कुशल और अपनी क्षमता में अद्भुत -अद्वितीय हैं, बल्कि वे पूरी दुनिया में झारखंड के साथ ही देश की पहचान बनाने की ताकत रखते हैं। श्री तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों का पूरा-पूरा लाभ उठा कर सरकार ने एक सकारात्मक अवसर का उपयोग झारखंड और यहां के लोगों के हित में किया है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 04 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
04

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी और एवं सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिया। जनता दरबार में विद्यालय में शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने, जमीन विवाद, दाखिल खारिज, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना का लाभ दिलाने, स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य में मनमानी, पारा शिक्षक का प्रतिनियोजन रद्द करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया।

## फुटबॉल नॉक आउट टूर्नामेंट का फाइनल



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बिरसा किसान क्लब तिलोकरी के तत्वावधान में फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख अंजू देवी ने फुटबॉल में किक मारकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताराम यादव व संचालन त्रिवेणी पांडेय ने किया। बताते चलें कि हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिरसा की संकल्प के तत्वाधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 7 अक्टूबर को किया गया था। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला हजारीबाग जिला के (गरमुंडो) बनाम (कोडरमा) जिला के जयनगर के बीच खेला गया। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है इसे अनुशासन प्रतिस्पर्धात्मक तथा एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना से खेलना चाहिए। खेलकूद में भी रोजगार के अवसर देखे जा रहे हैं। कार्यक्रम को पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख अंजु देवी, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, सुरेंद्र भाई मोदी, मुखिया इंद्रदेव यादव बीरेन्द्र मोदी, रामजी यादव ने कहा कि खेल मानव जीवन के विकास में अच्छी भूमिका निभाता है। मैच में अंपायर की भूमिका वीरेंद्र यादव, लाइनमैन सुनील पासवान, राजकुमार यादव ने निभाया। मौके पर रामदेव प्रसाद यादव, नीलकंठ बर्णवाल, राजेंद्र यादव, इंद्रदेव मोदी, देवनारायण यादव, विजय यादव, प्रदीप यादव, प्रदीप साव, राम सहाय यादव, उमेश यादव, धानेश्वर पासवान, अरुण राणा, कैलाश लाल बर्णवाल, संतोष पांडेय, रामेश्वर यादव, इंद्रदेव ठाकुर, रामवृक्ष यादव, मैच के संरक्षक मोहन राणा, सचिव मनोहर यादव, कोषाध्यक्ष गोकुल यादव, राजेश यादव, राजकुमार यादव, सीताराम यादव, उमेश यादव, रामचंद्र यादव, अजीत यादव सहित सैंकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

## अपेक्षा मोदी को बीपीएससी में सातवां रैंक



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** बिहार लोक सेवा आयोग की 67 वीं परीक्षा में सातवें रैंक को प्राप्त करने वाली डीएवी कोडरमा की छात्रा अपेक्षा मोदी का विद्यालय प्रांगण में शानदार स्वागत किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने अपेक्षा मोदी को उसके माता- पिता, शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति में प्रार्थना सभा में तिलक लगा कर तथा वैदिक परंपरा के तरीके से जोरदार स्वागत किया। अपेक्षा मोदी ने कहा कि मैंने अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत डीएवी कोडरमा से शुरू की। उसने बच्चों से कहा कि मैं भी आप लोगों के जैसे ही थी। मुझमें कोई विशेष प्रतिभा नहीं थी परंतु शिक्षकों का मार्गदर्शन, अपने मेहनत व परिश्रम, माता पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद और शुभकामना के बल पर आज इस मुकाम को हासिल की हूं। सफलता प्राप्त करने के लिए परिश्रम अत्यंत आवश्यक है बिना परिश्रम के हम जीवन में सफल नहीं हो सकते हैं। मुझे डीएवी में पढ़ने पर गर्व महसूस हो रहा है। मैं यूपीएससी परीक्षा में कुछ अंकों से असफल हुई परंतु अपने आप को हार नहीं मानी और निरंतर प्रयास करती रही। असफल होने पर भी परिश्रम करने वालों को ईश्वर अवश्य मार्गदर्शित करते हैं। जीवन में परिश्रम से असंभव कार्य भी संभव हो सकता है। प्राचार्य ने अपेक्षा मोदी की बीपीएससी की परीक्षा में सातवां रैंक प्राप्त करने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित कानिकेंद चंचाल धाम गेट के समीप सड़क दुर्घटना में एक पल्सर मोटरसाइकिल संख्या जेएच 11 एएल 7485 में सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों युवक डोमचांच से डोरंडा अपनी घर की ओर जा रहे थे। घायल युवक की पहचान चंदन यादव (23 वर्ष, पिता जानकी यादव) व नितेश यादव (21 वर्ष, पिता राजकुमार यादव, ग्राम दासेडीह डोरंडा थाना राजधनवार) के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही हाइवे पेट्रोलिंग पुलिस के एएसआइ रामानंद पाठक अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों को अपने पेट्रोलिंग गाड़ी से प्राथमिक उपचार हेतु सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। घायल युवकों की गंभीर स्थिति कों देखते हुए चिकित्सकों बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया है।

## विद्यालय में बांटी गयी पाठ्य सामग्री



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** व्यवसायी दीपक कुमार और पिंटु कुमार ने शुक्रवार को अपनी माता स्व जानकी देवी की 7वीं पुण्य तिथि पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय मरकच्चो में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के बीच पाठ्य सामाग्री का वितरण किया। व्यवसायी दीपक कुमार ने माता स्व जानकी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात उपस्थित उत्तरी पंचायत मरकचो के मुखिया रंजीत कुमार सिंह, पूर्व सरपंच गोविंद शरण मोदी, कौशल्या देवी व उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उपस्थित गणमान्य लोगों के कर कमलों द्वारा सैकड़ों अध्ययनरत छात्र-छात्राओ को कॉपी, कलम, पेंसिल, कटर व टॉफी वितरण किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, प्रकाश पासवान, शिक्षक मनोज सिंह, प्रदीप सिंह, अनिल यादव समेत विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## डोभा में डूबने से छात्र की हुई मौत



**दारू (आजाद सिपाही)।** दारू थाना क्षेत्र के इरगा पंचायत के बड़वार सुल्तानी यादव टोला में शंकर यादव पिता स्वर्गीय लखन यादव (उम्र 12 वर्ष ) छात्र की डोभा में डूबने से मौत हो गई। यह लड़का मध्य विद्यालय बड़वार में पांचवी वर्ग का छात्र था वह शुक्रवार को दोपहर तीन बजे स्कूल से लौट कर घर में खाना खाकर बड़वार बिरहोर टोला के पास बने बड़े डोभा में नहाने चला गया। नहाने के क्रम में वह थोड़ा गहरे पानी में चला गया जिसे डूबता देख पास में जानवर चरा रही उसकी बड़ी बहन हल्ला करने लगी। जिसके बाद आसपास के लोग दौड़ कर पहुंचे और बच्चे को डोभा से निकाला, लेकिन तबतक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गयी थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने 108 नंबर पर फोन करके एंबुलेंस वाहन को बुलाया पर बच्चे की मौत हो जाने के कारण उसकी मां ने वाहन को लौटा दिया। मृत बच्चा के पिता लखन यादव की मौत पूर्व में ही हो चुकी है। बच्चे की मौत के बाद उसके घर में मातम पसर गया, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

# जमीन विवाद में चली गोली, कांग्रेस नेता घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**हजारीबाग।** शहर के कोर्रा थाना अंतर्गत कनहरी हिल के नजदीक सीनियर डीएवी के सामने जमीन विवाद को लेकर शुक्रवार शाम गोली चली, जिसमें कांग्रेस के ओबीसी नेता बरकट्ठा निवासी डॉ प्रकाश घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार डॉ प्रकाश शुक्रवार शाम जमीन पर काम करवा रहे थे। इसी बीच दोनो पक्ष आपस में भिड़ गये। इसी बीच दूसरे पक्ष के लोगों ने गोली चला दी जिसका छर्रा डॉ प्रकाश लो लग गई। घटना के बाद डॉ प्रकाश को अस्पताल ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। एसपी ने बताया की शुक्रवार शाम 5 बजे के करीब कोर्रा थाना अंतर्गत दिपुगड़ा स्थित डीएवी स्कूल के समीप प्रकाश कुमार के द्वारा अपनी जमीन पर कार्य करवाया जा रहा था। इसी दौरान जबरा निवासी अशोक साव व अन्य लोगों के द्वारा प्रकाश को जमीन पर काम करने से रोकते हुए मारपीट किया जाने लगा और अपनी लायसेंसी दोनाली बंदूक से एक राउंड फायर किया गया। दोनाली की छर्री प्रकाश कुमार के पेट के बायें हिस्से में लगी है। आनन फानन के प्रकाश को आरोग्यम हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से उसे रांची रेफर कर दिया गया। घटना में शामिल आरोपी अशोक साव को कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने एक घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही इस घटना में प्रयुक्त दोनाली बंदूक को चार राउंड के साथ अभियुक्त के पास से जब्त कर लिए गया है।

# साइबर ठगी का नया तरीका: पीएम योजना की राशि के नाम पर मांग रहे ओटीपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टाटीझरिया।** देशभर में ऑनलाइन फ्रॉड के अलग-अलग मामले सामने आते रहते हैं। अब शातिरों ने ऑनलाइन फ्रॉड का नया तरीका निकाला है। साइबर ठगों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बनकर पीएम मातृत्व योजना के लाभार्थियों को उनके मोबाईल पर लिंक भेजकर ओटीपी मांग रहे हैं। टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो से शुक्रवार को यह मामला सामने आया है। झरपो आंगनबाड़ी सेविका नीलम राणा ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उसने बताया है कि कभी रांची तो कभी हजारीबाग कार्यालय से जांच-पडताल किए जाने के नाम पर मोबाईल नंबर 6299998645 से उनके पोषक क्षेत्र आंगनबाड़ी लाभार्थी झरपो निवासी मनीषा देवी, पूजा देवी, सुमन देवी, नीतु देवी, प्रीति देवी, रूबी देवी को फोन कर उसके मोबाइल पर लिंक भेजकर ओटीपी की मांग किया गया है। ठगों द्वारा लाभार्थियों को बरगलाया जा रहा है कि ओटीपी बताने के बाद उनके खाते में पांच हजार रुपये की राशि भेजी जायेगी लाभार्थियों द्वारा इसकी सूचना आंगनबाड़ी सेविका को दिए जाने के बाद जब उसने बाल विकास परियोजना कार्यालय इचाक से बात की तो कार्यालय द्वारा इस तरह का फोन किसी को नहीं करने की बात कही गयी। सेविका के द्वारा इस मामले की जांच-पडताल कर ठगों पर कार्रवाई किये जाने का आवेदन दिया है।

## अस्थायी दुकान लगाने पर सामान होंगे जब्त, लगेगा जुर्माना

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** दीपावली और छठ महापर्व को लेकर झुमरी तिलैया शहर के झंडा चौक के आसपास और ओवर ब्रिज के ऊपर लगने वाले अस्थाई दुकान से उत्पन्न होने वाले यातायात की समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद के प्रशासक द्वारा एक आदेश जारी कर दीपावली और छठ महापर्व के दौरान अस्थाई दुकान लगाने के लिए सरकारी बस स्टैंड के पीछे और कोडरमा प्रखंड कार्यालय मैदान में स्थल चिन्हित किया गया है। नगर प्रशासक ने बताया कि 4 अक्टूबर से छठ महापर्व तक नगर परिषद विशेष अभियान चलायेगी।

# ग्रेंडमा किचन रेस्टुरेंट के एक साल हुए पूरे, मना जश्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक के समीप शिव शॉपिंग सेंटर के तीसरे मंजिले पर अवस्थित ग्रेंडमा किचेन रेस्टुरेंट ने शुक्रवर को अपना एक साल पूरा किया। रेस्टुरेंट के पहली सालगिरह पर संचालक समूह परिवार ने संतुष्ट ग्राहकों के साथ केक काटकर शानदार जश्न मनाया। ग्रेंडमा किचेन रेस्टुरेंट में यूं तो स्वाद के शौकीनों का जमावड़ा बना रहता है और हजारीबाग के इस सबसे बड़ा रेस्टुरेंट ग्राहकों की पहली पसंद बनकर हमेशा गुलजार रहता है। ग्राहकों के इस रेस्टुरेंट की ओर आकर्षण के कई कारण हैं। जिसमें यहां पार्किंग की विशेष सुविधा, रेस्टुरेंट तक पहुंचने के लिए लिफ्ट सुविधा समेत कई सुविधा उपलब्ध है। रेस्टुरेंट परिसर को पारिवारिक, कपल और एकल आने वालों के लिए अलग से संवारा गया है। ग्रेंडमा किचेन रेस्टुरेंट के पहली सालगिरह समारोह के दौरान विशेष रूप से संचालक परिवार के संतोष सिन्हा, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि प्रो. सुरेंद्र सिन्हा, अशोक सिन्हा और मनोज सिन्हा सहित युवा संचालक अरुणीश अभिषेक, ऋषभ अभिषेक, उज्ज्वल अभिषेक, स्वप्निल अभिषेक, सुनील अग्रवाल व राकेश सिन्हा ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों और कई संतुष्ट ग्राहकों संग केक काटकर शानदार तरीके से जश्न मनाया। संचालक अरुणीश अभिषेक और ऋषभ अभिषेक ने संयुक्त रूप से बताया की रेस्टोरेंट उद्घाटन के प्रथम दिन से अब तक हमने क्वांटिटी और क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया है और यही वजह है कि कम समय में हमारा रेस्टुरेंट हजारीबाग के ग्राहकों का पसंद बनकर उभरा है। उन्होंने यह भी बताया की हमारे मेनू के अलावे हम अपने बैंक्वेट हॉल में पार्टी मनाने वालों के लिए ग्रेंडमा किचेन स्पेशल थाली स्कीम के साथ रेस्टुरेंट के प्रथम वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 10% का आकर्षक छूट आगामी 30 नवंबर को देने की घोषणा भी करते हैं। उन्होंने हजारीबाग के शौकीनों से एक बार इस रेस्टुरेंट के जायके का स्वाद अवश्य चखने का अपील भी किया है ।

# विधायक अंबा प्रसाद ने शिवाडीह खेल मैदान में दिलाया नया ट्रांसफार्मर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने शिवाडीह खेल मैदान में 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर व लंगातू त्रिवेणी सैनिक कंपनी के कार्यालय के बगल में सिंचाई कार्य हेतु 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया।

विदित हो कि शिवाडीह खेल मैदान में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए हाई मास्ट लाइट विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा उपलब्ध कराया गया है लेकिन उक्त लाइट के कनेक्शन के लिए विशेष ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं था उसी कड़ी में 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से उपलब्ध कराया गया।

ट्रांसफार्मर मिलने पर ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए विधायक अंबा प्रसाद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी बिजली की समस्या होती है तो सीधे बिना किसी संकोच के बतायें ताकि समस्या को दूर किया जा सके ट्रांसफार्मर मिल जाने की खुशी में प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पंचम कुमार, विक्की प्रसाद, कार्तिक, दीपक, चंदन, धनंजय, अजीत, अमित, अजय नारायण, राम लखन महतो, पवन कुमार, रामविलास भारती, हितलाल महतो, संतु कुमार, भुवनेश्वर प्रजापति, संजय प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, नवदीप प्रजापति, नारायण प्रजापति, भीम प्रजापति, गोवर्धन प्रजापति समेत समस्त ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया।

# पांच संदिग्ध युवकों को पकड़कर ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के सिमरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम डुमरडीहा में घूम रहे पांच संदिग्ध युवकों को पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। जहां पुलिस उक्त युवकों से पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों को संदेह था कि उक्त लोग कोई गंभीर घटना करने के फिराक में थे। पूछताछ के दौरान उक्त युवकों ने अपनी पहचान रांची जिला के बुंडू निवासी विशेश्वर महतो, ढाकारिया निवासी बबलू नायक, दानाडीह निवासी अशोक महतो, सिलवे निवासी मुकेश प्रमानिक तथा तमाड़ निवासी संतोष मुंडा के रूप में बताया है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त पांचो लोग गुरुवार की शाम ही एक स्कार्पियो जेएच01इसी 1060 से डुमरडीहा गांव पंहुच कर गांव के ही सरकारी विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक उमेश प्रसाद महतो के बारे में पूछताछ कर रहे थे। देर रात वे लोग कहीं चले गये। पुनः शुक्रवार अहले सुबह वे लोग फिर स्कार्पियों से उक्त गांव पहुंचे और उक्त शिक्षक के बारे में कई लोगों से पूछताछ करने लगे। उन युवकों के संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए ग्रामीणों ने पांचो युवक को पकड़ कर उनसे पूछताछ करने लगे। युवकों द्वारा स्पष्ट कोई जवाब नहीं देने पर ग्रामीणों ने मरकच्चो पुलिस को फोन कर इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पंहुच पांचो युवकों तथा स्कार्पियों को जब्त कर थाना ले आयी और पुलिस द्वारा उक्त युवकों से पूछताछ की जा रही है। वहीं उक्त मामले को लेकर डुमरडीहा विद्यालय मे पदस्थापित शिक्षक उमेश प्रसाद महतो (तमाड़ थाना क्षेत्र के रागड़ा बड़ांग निवासी) ने थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में शिक्षक ने बताया है कि वे डुमरडीहा के विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं और उसी गांव में भाड़े के मकान में रहते हैं। आवेदन में यह भी कहा गया है कि उसने अपने बहन की शादी रांची जिला के बुंडू निवासी बिशेश्वर महतो के साथ किया था लेकिन बिशेस्वर ने उसकी बहन को छोड़ दिया है जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। मुकदमा उठाने को लेकर विशेश्वर महतो व उनके परिवार के द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उसी मामले को लेकर उक्त लोग उसका पीछा करते हुए उसके आवास तक आ पंहुचे। उन्हें पूरा संदेह है कि वे लोग कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते थे। फिलहाल पुलिस उक्त युवकों से पूछताछ करते हुए सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## बड़कागांव में झामुमो की बैठक संपन्न



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पश्चिम पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता विशेश्वर राम और संचालन 20 सूत्री सदस्य पवन तुरी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। बड़कागांव मुख्य संयोजक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पश्चिम पंचायत कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष सरोज कुमार महतो, उपाध्यक्ष धनेश्वर कुमार, बबलू कुमार, बिट्टू कुमार, सचिव दिलीप कुमार, संयुक्त सचिव विक्रम कुमार सोनी, प्रकाश कुमार, राजेंद्र कुमार, संगठन सचिव नरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार, कार्यकारिणी सदस्य गीता देवी, आरती देवी, गीता देवी, सुनीता देवी, मालती देवी, भुवनेश्वरी देवी, बिंदिया देवी, गुड़िया देवी, नरेंद्र कुमार, संजीत कुमार, जगन्नाथ राम इत्यादि को बनाया गया। बेदिया ने संबोधित करते हुए कहां कि हेमंत सरकार शिक्षा पर विशेष रूप में कार्य कर रही है। एक से बढ़कर एक विद्यार्थियों के लिए सरकार कार्य कर रही है। शिक्षा संबंधित हो या छात्रवृत्ति से संबंधित हो बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, मुख्य संयोजक संजय सिंह, सफीउल्लाह अंसारी, राकेश मिश्रा, विशेश्वर राम, मोहम्मद हुसैन, सरिता देवी, बीना देवी, उर्मिला देवी, राहुल कुमार, प्रकाश कुमार, विवेक कुमार, विक्रम सोनी, विजय महतो, संतोष महतो, मंजू देवी, नीलम देवी, सविता देवी, रोशनी देवी, सुनीता देवी, पूजा कुमारी, सरिता देवी, इत्यादि सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित है।

## तीन दिनों से लापता होटल संचालक का अभी तक नहीं चला पता, परिजन परेशान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित एक होटल के संचालक सुब्रतो डे उर्फ राजा डे 1 नवंबर की सुबह से लापता हैं। उनके परिजन ढूंढ ढूंढ कर परेशान हैं मगर कुछ पता नही लग पाया है। सुब्रतो डे के पिता नूरा निवासी जगरनाथ डे ने लोहसिंघना थाना को गुमशुदगी का आवेदन देकर ढूंढने का गुहार लगाया है। थाने को दिए आवेदन में लिखा है की मेरा पुत्र 1 नवंबर को सुबह घर से होटल जाने के लिए निकला मगर न तो होटल पहुंचा और न ही लौट के घर आया। उसके पास जो मोबाइल था वह भी बंद बता रहा है। पुलिस से लापता सुब्रत डे उर्फ राजा को ढूंढने की गुहार लगायी है। साथ ही जानकारी मिलने पर मोबाइल नंबर - 99345 91342 पर सूचित करने का आग्रह किया है।

## डुमरौंन में झामुमो पंचायत कमेटी का गठन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा डुमरौन पंचायत कमेटी की बैठक प्रवील प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में पंचायत भवन डुमरौन में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड संयोजक मनोहर राम, प्रखंड सदस्य रामप्रवेश सिंह, सुनील शर्मा, बाबुल हसदा, इंद्रदेव मेहता, गंगेश्वर मेहता, रामचंद्र मेहता शामिल हुए। सर्वसम्मति से पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें उप मुखिया मनोज कुमार मेहता को अध्यक्ष, सचिव मुकेश कुमार मेहता, पंचायत समिति सदस्य उपाध्यक्ष, प्रेम प्रसाद मेहता, नरेश प्रसाद मेहता ,राजू प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष बलदेव गंझू, संगठन सचिव प्रकाश रविदास, सिकंदर कुमार, सुनील मेहता, संजय प्रसाद मेहता, नकुल प्रसाद मेहता, कृष्ण रविदास, अजीम अंसारी, सुभाष प्रसाद यादव सहित कई लोग शामिल हुए। नव चयनित सभी पदाधिकारी को संयोजक मंडली के द्वारा माला और पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत किया गया।

## एनटीपीसी ने वन विभाग को दिये 17 करोड़



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के द्वारा वन विभाग को पर्यावरण की स्वच्छता के लिए दिये गये 17 करोड़ रुपये का चेक दिया गया। एनटीपीसी केरेडारी व चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना प्रमुख प्रभारी फैज तैय्यब ने शुक्रवार को क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक सतीश चंद्र राय के कार्यालय में वन संरक्षक सरोज भाई पटेल की उपस्थिति में ज़िला वन पदाधिकारी शबा आलम अंसारी को चेक सौंपा गया। यह चेक वन संरक्षण के नियमों का पालन करते हुए सौंपा गया है। इसी राशि की सहायता से वन विभाग द्वारा क्षेत्र में 54960 पेड़ों का वृक्षारोपण किया जायेगा। इस अवसर पर परियोजना फैज तैय्यब ने कहा कि एनटीपीसी का उद्देश्य देश में ऊर्जा पूर्ति के साथ पर्यावरणीय व सामाजिक आवश्यकातों को संतुलित करना भी है ताकि वर्तमान व आने वाली पीढ़ी इसका उपयोग कर,समृध्द जीवन व्यापन कर सके। फैज और चट्टी बरियातु परियोजना के प्रमुख नवीन गुप्ता ने वहां उपस्थित सभी जिला प्रशासन के अधिकारियों का एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं में अहम योगदन के लिए धन्यवाद किया व यह आश्वासन भी दिया कि एनटीपीसी इस क्षेत्र में खनन गतिविधियों को चलाने में सभी पर्यावरण अनुपालन का पालन किया जा रहा है और आगे भी किया जायेगा। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक असीम मिश्रा, बीरेन्द्र कुमार और उप महाप्रबंधक सुनील चौधरी ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अधिकारों को लेकर एकजुट हुए वार्ड सदस्य, बीडीओ को सौंपा मांग पत्र




**दारु (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नौ पंचायत के 105 वार्ड सदस्यों ने अपने अपने अधिकार व अपने अपने क्षेत्र में विकास कार्य मे अहम भूमिका को लेकर शुक्रवार को बीडीओ मनीष कुमार को नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा इस आवेदन कि प्रतिलिपि उपायुक्त हजारीबाग, जिला पंचायती राज पदाधिकरी हजारीबाग, जीप सदस्य दारू, प्रमुख दारु व बीस सूत्री अध्यक्ष हजारीबाग को अपने मांग पत्र की प्रतिलिपी दिया है। वार्ड सदस्यों ने अपने मांग पत्र में कहा कि वार्ड सदस्यों का मानदेय व भत्ता जल्द से जल्द दिया जाये। सरकार के द्वारा विधवा, वृद्धा, विंकलाग, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि में मुखिया के हस्ताक्षर के साथ-साथ वार्ड सदस्य के हस्तक्षार का कॉलम अनिवार्य करना, पंचायत विकास योजना के शिलापट्ट पर वार्ड सदस्य का नाम अंकित करना, ग्रामसभा में वार्ड सदस्यों की अनुशंसा अनिवार्य करना, मनरेगा योजना के अंतर्गत एमआइएस के इंट्री फॉर्म में मुखिया पंचायत सचिव व वार्ड सदस्य का संयुक्त हस्ताक्षर अनिवार्य रूप लागू करे, मनरेगा योजना में जियो टैग करने से पूर्व वार्ड सदस्यों को सूचित किया जाये। पंचायत कार्यकारणी से पारित योजनाओं को ई स्वराज पोर्टल पर ऑन लाइन किया जाये। ग्राम पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं में वेंडर द्वारा उपलब्ध सामग्री की गुणवत्ता की जांच का अधिकार कार्यकरणी समिति को दिया जाये। 15 वीं वित आयोग सह मनरेगा योजनाओं संबंधित वार्ड सदस्यों की हस्ताक्षर अनिवार्य किया जाना शामिल है। इस मौके पर अध्यक्ष दशरथ कुमार, सचिव विक्रम कुमार, संगठन मंत्री दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष नीलम प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार, सह सचिव गुड़िया देवी व मीडिया प्रभारी सुरेश साव, आरती सिन्हा, रबिन्द्र कुमार, नीलम देवी, नरेश सोनी सहित अन्य वार्ड सदस्य शामिल थे।

### नमामि गंगे योजना के तहत गंगा रन का आयोजन, डीसी, एसपी सहित जिले कई अधिकारी हुए शामिल

# दामोदर नदी के किनारे हर कोई अपने बच्चों के नाम पर लगाये पौधा: चंदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़। नमामि गंगे योजना अंतर्गत शुक्रवार को 1 से 8 नवंबर तक मनाए जा रहे गंगा उत्सव के तहत शहर में गंगा रंग का आयोजन किया गया। गंगा रन का शुभारंभ डीसी चंदन कुमार ने द्वारा मशाल ज्वलित कर किया गया। गंगा रन सुभाष चौक से आरंभ होकर अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर संपन्न हुई। इस दौरान डीसी चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, डीएफओ नीतीश कुमार, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर अरुणा मिश्रा, महाप्रबंधक सीसीएल रजरप्पा पीएन यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना रामगढ़ डॉ असीम कुमार सहित जिले के वरीय अधिकारी व दामोदर बचाव आंदोलन समिति के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने गंगारन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो संजय सिंह ने किया।

गंगारन समाप्त होने पर डीसी चंदन कुमार ने नमामि गंगे योजना अंतर्गत गंगा उत्सव के तहत आयोजित मैराथन में शामिल होने के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। डीसी ने कहा कि भारत में हमेशा से ही नदियों का अपना एक अलग महत्व रहा है। नदिया न केवल इंसानों की कई मूलभूत जरूरतों को पूरा करती है, बल्कि इसका निरंतर चलते रहना पर्यावरण अच्छा रहने का भी संकेत है। इससे पता चलता है कि वातावरण सुरक्षित है। डीसी ने कहा कि हाल ही में हुई बैठकों से यह पता चलता है कि लगभग 90 प्रतिशत कारखानों का दूषित पानी अब दामोदर नदी में नहीं जा रहा है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि घरों से निकलने वाला दूषित पानी भी बिना ट्रीटमेंट के नदियों में न जाए। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में एक और प्रयास किया जा रहा है कि





रामगढ़ जिले से बह रही लगभग 40 किलोमीटर लंबी दामोदर नदी के दोनों तरफ जिलेवासियों, बच्चों व अन्य के नाम से एक-एक पौधा लगाया जाए, ताकि लोग नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों में स्वच्छता के प्रति और भी जुड़ाव महसूस करें। जिसके उपरांत डीसी ने पुनः सभी से नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने की अपील की।

**दामोदर बचाओ आंदोलन समिति ने मोमेंटो देकर किया सम्मानित:** दामोदर बचाओ आंदोलन समिति ने डीसी चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, डीएफओ नीतीश कुमार, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर अरुणा मिश्रा, महाप्रबंधक सीसीएल रजरप्पा पीएन यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित अन्य अधिकारियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

**ये थे शामिल**

दंडाधिकारी प्रभास दत्त, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, यातायात प्रभारी सुरेश लिंडा, अमित साहू, विजय जायसवाल, वसुध तिवारी, रवि शंकर भट्ट, शिवकुमार महतो, विनोद मिश्रा, उमेश राजगढ़िया, अरुण बगड़िया, अमित अग्रवाल, सुनील कुमार सिंह, वरुण बगड़िया, सुदेश्वर सिंह, सोमनाथ रॉय सहित कई लोग शामिल थे।

**प्रकृति के हर संसाधन का जिम्मेदारी से करें उपयोग: एसपी**

कार्यक्रम के उपरांत एसपी पीयूष पांडे ने कहा कि वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा नदियों को स्वच्छ रखने के उद्देश्य कई परियोजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन हमारा प्रयास होना चाहिए कि केवल नदियां ही नहीं बल्कि प्रकृति से मिलने वाले हर साधन का उपयोग हम बेहद जिम्मेदारी के साथ करें और उनके संरक्षण का भी पूरा ध्यान रखें। मौके पर उन्होंने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की आदत को अपने जीवन में शामिल करने और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करते हुए समाज और देश के विकास में अपना योगदान देने की अपील की।

## बाल विद्या मंदिर में परीक्षा संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा कोलियरी में राज्यस्तरीय शैक्षणिक उपलब्धि सर्वेक्षण परीक्षा संपन्न हुआ। आयोजित परीक्षा में वर्ग तीन व छह के विद्यार्थी शामिल रहे। परीक्षा कार्यक्रम में प्रखंड कार्यालय माण्डू से नीरज मुंडा व बबिता कुमारी परीक्षा पदाधिकारी के रूप में नियुक्त रहे। यह परीक्षा सर्वेक्षण शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आयोजित किया गया है। जो छात्रों के स्तर को मापने के लिए है। परीक्षा में भाषा और गणित से जुड़े प्रश्न शामिल रहे। विद्यालय प्राचार्य रणजीत सिंह व प्रशासनिक पदाधिकारी गुरमीत धीमान ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार द्वारा आयोजित ऐसे सर्वेक्षण परीक्षा से शिक्षा प्रणाली की दक्षता, बच्चों की प्रगति और अधिगम क्षमता का मूल्यांकन करना संभव हो पायेगा। साथ ही, विभिन्न स्तरों पर सुधारात्मक कार्यों के लिए समुचित कदम उठाए जा सकेंगे। यह शिक्षा प्रणाली के सीखने के परिणामों और स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण है। हिंदी भाषा की शिक्षक सुनीता कुमारी व गणित शिक्षक कामेश्वर प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रहे।

## दिगवार में जलसा कार्यक्रम आज

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मस्जिद मुहल्ला दिगवार में आगामी चार नवंबर को जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आशय की जानकारी मो अतहर अली ने दी है। उन्होंने कहा है कि आयोजित जलसा में मशहूर मौलाना गुलाम रसूल बल्यावी बिहार, शायर दिलबर शाही कोलकाता, शाहनवाज हसन उड़ीसा, सुन्नत जमजम फतेहपुरी, तरन्नुम साजिद इकबाल कोलकाता व मंच संचालन के लिए मनावर सैफी कालपी शरीफ शामिल होंगें। उन्होंने समाज के लोगों से ससमय पर पहुंचकर सफल बनाने की आग्रह किया है।

## उरीमारी में स्व शर्मा मांझी का शहादत दिवस मनाया जायेगा



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी स्थित विस्थापित कार्यालय में शुक्रवार को विस्थापित समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बैठक की। अध्यक्षता सुखू मांझी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी विस्थापितों और मजदूरों के मशीहा स्व शर्मा मांझी का 14 वां शहादत दिवस अगामी 12 नवंबर को बिरसा परियोजना समीप विस्थापित कार्यालय में मनाया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से विस्थापित नेता दशई मांझी, दिनेश करमाली, कार्तिक मांझी, रैना मांझी, सुरेश मुर्मू, खेपन मांझी, संतोष प्रजापति, नकुल प्रजापति, जुगल करमाली, मोहन मांझी, जितेंद्र यादव, परमेश्वर सोरेन, शिकारी टुडू, तालो हांसदा, भादो करमाली, सोलेन हांसदा, अनिल मुर्मू, मनोज सिंह, सुखदेव किस्कू, तुलसी उरांव, लालजी पावरिया, भवानी शंकर प्रसाद, बिनोद सोरेन, महादेव सोरेन, देवा उरांव, दिपक आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

**चतरा (आजाद सिपाही)।** शहर से सटे कुल्लू मोड़ के समीप दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने की टक्कर में एक मोटरसाइकिल सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा 4 सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक की उपचार के बाद घायलों को को रांची रिम्स का रेफर कर दिया है। मृतक सदर थाना क्षेत्र के रक्सी गांव सुखदेव भुइयां का पुत्र अरविंद कुमार बताया जा रहा है तथा घायलों में सत्येंद्र प्रसाद, मनजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार तथा मुकेश कुमार शामिल है। सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया तथा सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों का जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाये गये। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का समेत अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने निकाली पदयात्रा



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** 5 नवंबर को चतरा में आयोजित शताब्दी समारोह को लेकर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के द्वारा शुक्रवार को जोरी और हंटरगंज में पदयात्रा निकाली गयी। इसका नेतृत्व महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास और नीलम देवी, अरुण कुमार यादव, रंजन यादव, अधिवक्ता बलवंत यादव, जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों को जोरी काली मंदिर में माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है। इसके पश्चात पदयात्रा में प्रस्तावित प्रखंड अध्यक्ष केदार यादव, प्रमुख ममता कुमारी की अगुवाई में क्षेत्र भ्रमण किया गया। इसके अलावा हंटरगंज में प्रखंड अध्यक्ष रामजी यादव उर्फ भोला यादव के अगुवाई में स्वागत किया गया। इस दौरान पांच नवंबर को चतरा शताब्दी समारोह में शामिल होने के लोगों से आह्वान किया गया। इस मौके चतरा पप्पू यादव, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव, सूबेदार यादव, अशोक यादव, सीतेश्वर यादव, मुन्ना यादव, सहित काफी संख्या में यादव महासभा के लोग शामिल थे।

## फसल प्रदर्शनी का आयोजन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** पायनियर बीज कंपनी द्वारा फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विश्व के अग्रणी बीज कंपनी कोर्टवा एग्रीसाइंस द्वारा फसल प्रदर्शनी सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रखंड के चकला गांव में रखा गया जिसमे पायनियर 27P37 के दस बाली का वजन 109 ग्राम तथा अन्य कंपनी का धान दस बाली का वजन 72 ग्राम पाया गया। जिसमें 27P37 दस बाली का वजन में 37 ग्राम से विजय हुवा कंपनी के ट्रेटरी मैनेजर निवारण पांडे तथा क्षेत्रीय प्रतिनिधि राजकुमार यादव सभी ने किसानों को 27P37 के गुणों से अवगत कराया। साथ ही सब्जी में लगाने वाले कीटों और बीमारियो के बारे में अवगत कराया गया मुख्य रूप से उपस्थित किसान कारू यादव संतोष यादव विकाश यादव संजय पासवान जितेंद्र सिंह सूचित महतो और अन्य किसान उपस्थित थे।

## सीआरएस ने किया रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना द्वारा चलाये जा रहे सर्तकता जागरूकता सप्ताह के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक दिनेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रणविजय विश्वकर्मा ने किया। प्रतियोगिता में केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के कर्मचारियों विशेष रूप से महिलाओं ने उत्साहित होकर प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर सरत कुमार, एस के सिंह, जनार्दन प्रसाद, प्रदीप कुमार, महेंद्र साहू, मालती कुमारी, सुनीता, महेंद्र प्रसाद, अनुराधा, द्रौपदी, मंजू, अंजू, राखी, ममता सहित दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पतरातू को अनुमंडल और भुरकुंडा को प्रखंड बनाने को लेकर तेज होगा आंदोलन: पूरन राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** पतरातू भगत सिंह चौक स्थित पुरण राम साहू के आवास में पतरातू प्रखंड में एक जन आंदोलन के विस्तार के लिए एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूरन राम साहू व संचालन दर्शन गंझू ने की। बैठक में गिरधारी गोप गोविंद बेदिया प्रेम नाथ साहू अब्दुल कयूम अंसारी संतोष उरांव शाहित क्षेत्र के कई आंदोलनकारी उपस्थित थे। बैठक के माध्यम से पतरातू प्रखंड को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा देने और पतरातू प्रखंड को दो भाग में विभक्त कर भुरकुंडा को प्रखंड का दर्जा देने और रांची जिला के बिंजा पंचायत बेती बगदा और हजारीबाग जिला के हिंदीगीर पंचायत और बचरा पंचायत को पतरातू प्रखंड में शामिल करने की मांग झारखंड सरकार से की गयी। इसके अलावा बैठक में इन सभी मांगों को लेकर पुरजोर आंदोलन करने को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गयी। इसमें कहा गया कि नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में क्षेत्र के सामाजिक राजनीतिक स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित व्यवसाय संगठन के लोगों को भी बैठक में आमंत्रित किया जायेगा। इस मौके पर आंदोलनकारी नेता पूरन राम साहू ने कहा कि पतरातू प्रखंड की जनता विगत एक दशक से पतरातू को अनुमंडल बनने बनाने और भुरकुंडा को प्रखंड बनाने के सवाल को लेकर संघर्षरत रही है। इन दोनों मांगों के समर्थन में पतरातू प्रखंड पंचायत समिति की बैठक एवं जिला परिषद रामगढ़ की बैठक में प्रस्ताव पारित कर झारखंड सरकार को आवश्यक अनुरोध पूर्व में भेजी जा चुकी है फिर भी सरकार द्वारा पतरातू को अनुमंडल और भुरकुंडा को प्रखंड नहीं बनाया जा रहा है। बैठक में यह भी कहा गया कि अब इस क्षेत्र की जनता जन भावनाओं का अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगी सांसद एवं विधायक को भी अपनी भूमिका को इमानदारी पूर्वक निर्वाण करना पड़ेगा अन्यथा जनता की आक्रोश को झेलने के लिए तैयार रहे।

# दिल में छेद है बच्ची को रोटरी देगा गिफ्ट ऑफ लाइफ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रोटरी रामगढ़ सिटी द्वारा रोटरी गिफ्ट ऑफ लाइफ अभियान के के तहत दिल में छेद वाली 10 माह की निदा फारूखी का ऑपरेशन करायेगा। ऑपरेशन कोच्ची (केरल) के प्रसिद्ध अमृता अस्पताल में निःशुल्क होगा। बताते चले कि रांची के राज हॉस्पिटल में 4 अक्टूबर को स्क्रीनिंग की गयी थी।

स्क्रीनिंग एम्स कोच्ची के प्रसिद्द डॉ ब्रजेश पी कोटाईल एवं उनकी टीम द्वारा की गयी। स्क्रीनिंग में इकोकार्डियोग्राफ, इसीजी, एक्सरे इत्यादि की गयी। उक्त जानकारी रोटरी रामगढ़ सिटी के चार्टर प्रेसिडेंट उमेश राजगढ़िया ने दी है। कहा कि रोटरी के द्वारा बच्चों की ओपन हार्ट सर्जरी निःशुल्क कराई जा रही है। पूरे झारखण्ड और बिहार में विभिन्न स्थानों पर स्थित अपने 104 क्लबों और 4000 रोटरी सदस्यों के माध्यम से सेवा कार्य किया जा रहा है। रोटरी इंटरनेशनल अपनी सामाजिक जिम्मेवारी का निर्वहन करने के लिए कृतसंकल्पित है।

**गरीब तबके के लोगों की इलाज के लिए सक्रिय है संस्था:** संस्था द्वारा देश के वंचित तबके को चिकित्सा सुविधा दिलाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पेशे से ड्राइवर निर्धन पिता की तीसरी संतान निंदा को जन्मजात हृदय में छेद है। रामगढ़ जिले के बरकाकाना के किरी गांव की बच्ची है। जिसे 6 नवंबर को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए आर्थिक सहयोग देकर रामगढ़ सिटी के सदस्य केरल भेजेंगे। इधर दूसरे मामले में बिजुलिया निवासी शिवांश शर्मा पिता आशुतोष शर्मा जिसकी उम्र चार वर्ष है। उसके बाद ही दिल में छेद है। उसको स्क्रीनिंग के लिए आज राज अस्पताल रांची भेजा जायेगा।

**जरूरतमंद बच्चों के ऑपरेशन का लक्ष्य रखा है: रवि**

क्लब अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने कहा कि रोटरी ने जरूरतमंद बच्चों के ऑपरेशन का लक्ष्य रखा है। लोगों की सेवा करना और शांति स्थापित करना रोटरी का मुख्य उद्देश्य है। शिक्षा, स्वास्थ्य और मानवसेवा के उद्देश्य से स्थापित रोटरी 118 साल पुरानी संस्था है।

**जिन बच्चों के दिल में है छेद, अभिभावक करे संस्था से संपर्क: हरीश**

रोटरी रामगढ़ सिटी के निवर्तमान अध्यक्ष हरीश चौधरी अपील की है कि अगर आपके आसपास कोई ऐसा बच्चा है जिसके हृदय में जन्मजात छेद है, जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो ऐसे किसी भी बच्चे के अभिभावक को रोटरी के सदस्यों से संपर्क करने को कहे।

# सांसद जयंत सिन्हा ने कुजू में किया जनसंवाद कार्यक्रम

**क्रेन हादसे में मृतक के परिजनों से मिले**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा शुक्रवार को सीसीएल तोपा के खदान में क्रेन हादसे में भोला प्रसाद की मौत पर शोकाकुल परिजनों से डटमा स्थित उनके आवास पर जाकर मिले। इस दौरान सीसीएल प्रबंधन के सौजन्य से जीएम नीरज सिन्हा की अगुवाई में एक्सीडेंटल इंश्योरेंस का 15 लाख और एक 90 हजार का चेक सांसद के हाथों आश्रित परिवार को प्रदान कराया गया। मौके पर सांसद ने मृतक के पुत्र बादल कुमार, धर्मपत्नी अनीता देवी, पिता डोमन साव, जगदीश प्रसाद, ओमप्रकाश, विपत साव आदि परिजनों से इस दुख की घड़ी में हर वक्त सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर एसओपी गिरीश चंद्र, तोपा पीओ मनीष कुमार, संतोष कुमार, आशुतोष कुमार आदि मौजूद रहे। सांसद जयंत सिन्हा ओरला पंचायत स्थित तोपा चौक मे जनसंवाद किया। ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी देते हुए सांसद को अवगत कराया। जिस पर सांसद ने कहा कि सारी समस्या के लिए सीएमडी और जीएम से मिलकर जल्द ही निराकरण कराया जाएगा। वाईआरसी क्लब, कुजू में सांसद का जनसंवाद कार्यक्रम में कुजू रेलवे साइडिंग में बढ़ रहे प्रदूषण का मुद्दा छाया रहा। जनसंवाद में ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए सांसद से कुजू रेलवे स्टेशन पर गिरिडीह रांची इंटरसिटी और पटना रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग की। साथ ही, कुजू रेलवे साइडिंग से बढ़ रहे प्रदूषण पर रोकथाम लगाने की बात कही। जिस पर सांसद ने सभी समस्याओं सहित रेलवे की समस्या पर डीआरएम से बात कर निराकरण करने का आश्वासन दिया। साथ ही, कुजू चौक से लेकर नयामोड़ रोड तक रेलवे स्टेशन होते हुए सड़क मार्ग का सुंदरीकरण कराने का भी आश्वासन दिया।

संसद के साथ मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रंजीत सिन्हा, प्रकाश मिश्रा, जगेश्वर प्रजापति, खिरोधर प्रसाद साहू, रंजीत पांडेय, छात्रधारी प्रसाद साहू, अखिलेश प्रसाद, निर्मल करमाली, दिनेश्वर प्रसाद, विजय पासवान, बसंत प्रसाद साहू, अखिलेश कुमार, महेंद्र प्रसाद, तोकेश सिंह, छोटन सिंह, उमेश प्रसाद, रतन प्रसाद साहू, सन्तोष मेहता, श्रवण सिंह, राजू कुशवाहा, अशोक सिन्हा, अशोक कुमार, प्रकाश केशरी, शंभूलाल ठाकुर, डिम्पल प्रजापति, संजय प्रसाद, जयकुमार ओझा, लखन प्रसाद, रवि साहू, दशरथ प्रसाद केशरी, नरेश गुप्ता, बिनोद प्रसाद, सूरज कुमार, पूनम देवी, मन्सरी देवी, कौशल्या देवी, अनिल अग्रवाल, अमित केशरी आदि उपस्थित रहे।

## सीबीएसइ इंटर स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ए ला एंग्लाइज के छात्र ने लहराया परचम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सकेंडरी विद्यालय के छात्र रोहित मुर्मू को सीबीएसइ इंटर स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप के भाला फेंक इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। छात्र की सफलता पर इस खुशी को विद्यालय परिवार के साथ शुक्रवार को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में साझा किया गया। खेल शिक्षक ने बताया कि इंटर स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में करीब 102 विद्यालयों ने शिरकत किया था। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल व एथलेटिक्स में सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लिया। इसमें ए ला एंग्लाइज के छात्र रोहित मुर्मू ने भाला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त कर अपने विद्यालय का मान बढ़ाया है। रोहित ने 42.88 मीटर दूरी को साधा। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में विद्यालय के खेल शिक्षक कंचन सोनी व कंचन दास बच्चों के साथ रहे तथा उनका हौसला बढ़ाया। प्रार्थना सभा में प्राचार्य विजयंत कुमार ने छात्र की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए रोहित मुर्मू को सर्टिफिकेट और मेडल पहनकर सम्मानित किया। रोहित की सफलता पर विद्यालय के तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जेएम कॉलेज के छात्रों का जवाहर नगर में बनाया गया मतदाता पहचान पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएम कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान के प्रो. विजय कुमार मिश्र सह नोडल अधिकारी (चुनाव आयुक्त) के जवाहर नगर स्थित आवास पर मतदाता पहचान पत्र बनाने को लेकर शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रो. विजय कुमार मिश्रा के देख-रेख में जेएम कॉलेज के दर्जनों छात्र-छात्राओं का मतदाता पहचान प्रमाण पत्र बनाया गया। इसके पूर्व प्रो. विजय कुमार मिश्र ने जेएम कॉलेज के छात्र-छात्राओं को फोन के माध्यम से शिविर की सूचना देकर बुलाया अपने आवास पर बुलाया। जहां छात्र-छात्राओं का उनके आधार कार्ड से वोटर कार्ड का मिलान कर फार्म जमा किया गया। इसके बाद सभी फार्म को ब्लॉक भेजा गया। मौके पर दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

## दो साल के आवासीय टर्नर कोर्स की शुरूआत



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा ने अपने सामुदायिक विकास पहल के तहत आयोजित किये गये दो साल के आवासीय टर्नर कोर्स की शुरूआत किया। जिसे चिह्नित करने के लिए गुरुवार को आइटीआइ गोला, रामगढ़ जिले, झारखंड में एक शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कोर्स का उद्देश्य युवाओं में कौशल विकास को बढ़ावा देना है, जिसमें नइपाराम, गारिलौंग, दुंदुआ और टंडवा गांवों से 10 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को गुणवत्ता शिक्षा और समग्र समर्थन प्रदान किया जायेगा। यह प्रशंसनीय पहल, जिसकी लागत लगभग 20 लाख रुपये है, दो साल के लिए सभी आवश्यक प्रावधानों को सम्मिलित करती है, जैसे भोजन, आवास, कोर्स शुल्क, सुरक्षा किट, वर्दी और छात्रों के लिए मासिक धनराशि शामिल है। इस कार्यक्रम में स्वप्नेन्दु कुमार पाण्डा, परियोजना प्रमुख, अनिल कुमार चावला, एजीएम एचआर, एम के गुप्ता, झारखंड सरकार के टूल रूम के एमडी, महेश मुंडा नइपाराम, मुखिया गारिलौंग साबिदा खातून, अभिषेक आनंद, वरिष्ठ प्रबंधक एचआर, हर्ष कुमार सेठी, एजीएम वातावरण और शिपो, सीएसआर कार्यकारी उपस्थित थे। संबोधित करते हुये आइटीआइ गोला के प्राचार्य ने इस पहल की प्रशंसा की, जो युवाओं को सशक्त बनाने और उनके रोजगारी प्राप्ति को बढ़ावा देने में भूमिका निभाती है। मौके पर परियोजना प्रमुख स्वप्नेन्दु कुमार पांडा ने बताया की यह पहल कौशल अंतर को समाप्त करने और युवाओं की रोजगारी क्षमता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य इन छात्रों को आवश्यक कौशल और ज्ञान से संपन्न करना है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो और इस प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में वादापुर्ति की संभावनाएं हों सके। एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा और आइटीआइ गोला के संयुक्त प्रयासों से, इस पहल की जीवनों पर परिवर्तनात्मक प्रभाव की उम्मीद है, जो क्षेत्र में स्थायी विकास और समावेशी विकास की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

# हादसों की रफ्तार

ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट की यह बात चिंताजनक है कि देश में होने वाले सड़क हादसों में 12 फीसदी इजाफा हो गया है। इन हादसों के पीछे सबसे बड़ी वजह गाड़ियों की रफ्तार को बताया गया है। हालांकि सड़क दुर्घटनाएं और उनमें बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की बात नयी नहीं है, लेकिन हर साल इन आंकड़ों में हो रही बढ़ोतरी चिंताजनक है। सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों के बारे में भारत दुनिया का अग्रणी देश है। इस रिपोर्ट में हिसाब लगाकर बताया गया है कि सड़क हादसों के चलते देश में हर घंटे 9 लोगों की जान जा रही है। आंकड़ों के कुछ और पहलुओं पर नजर डालें तो हादसों से होने वाली मौतों में 2021 के मुकाबले 2022 में 9.4 फीसदी बढ़ोतरी हुई है और घायलों की संख्या में 15 फीसदी की। इन मौतों का 45 फीसदी दुपहिया वाहनों की दुर्घटना का परिणाम हैं। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि दुर्घटनाओं का शिकार होने वालों में 67 फीसदी 18 से 45 साल की उम्र के होते हैं। हमारी कामकाजी आबादी की मौत का सबसे बड़ा कारण ये सड़क हादसे ही हैं। इसके कारणों के रूप में भी स्पीड, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, सीटबेल्ट न पहनने और सड़कों पर बन आने वाले गड्ढे काफी समय से रेखांकित होते रहे हैं। पिछले कुछ समय से जरूर वाहनों की रफ्तार दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण बनती जा रही है। हाइवे और एक्सप्रेसवे के जितने नये प्रॉजेक्ट बन रहे हैं, उनकी यही विशेषता सबसे ज्यादा प्रचारित की जाती है कि एक जगह से दूसरी जगह पहुंचने में लगने वाला समय अब इतना कम हो जायेगा। इसके साथ ही तेज रफ्तार गाड़ियों का लगातार सड़कों पर उतरना भी जारी है। खास कर युवा ड्राइवरों में स्पीड का क्रेज इन सबसे बढ़ता है, लेकिन यहां भी स्पीड पर सारा दोष मढ़ने से पहले इस तथ्य की ओर ध्यान देने की जरूरत है कि कई ऐसे देश हैं, जहां स्पीड लिमिट भारत से कहीं ज्यादा है, फिर भी दुर्घटनाओं के मामले में वे हमसे बहुत पीछे हैं। जाहिर है, रोड इंजीनियरिंग की गड़बड़ियां, साइन बोर्डों की कमी, स्टेट हाइवे और शहरों की सड़कों की खराब स्थिति जैसे फैक्टर्स हालात को बदतर बना रहे हैं। वक्त से होड़ लेने की मजबूरी के साथ दुपहिया वाहन दौड़ाते डिलिवरी बॉयज की लगातार बढ़ती संख्या भी गौर करने लायक है। गिग इकॉनमी के इस वर्कफोर्स की जो संख्या 2020 में 68 लाख थी, वह 2029-30 तक बढ़ कर 2.35 करोड़ हो जाने की संभावना है। छोटे और हलके इलेक्ट्रिक टू-वीलर्स की बढ़ती संख्या पर्यावरण और अन्य कई दृष्टियों से जरूर अच्छी बात हो सकती है, लेकिन ये और ज्यादा लापरवाही से चलाये जा रहे हैं। सड़कों से जुड़ी व्यवस्था को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी तो सरकार पर है ही, प्राइमरी स्कूल से ही ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

**आंकड़ों के कुछ और पहलुओं पर नजर डालें तो हादसों से होनेवाली मौतों में 2021 के मुकाबले 2022 में 9.4 फीसदी बढ़ोतरी हुई है और घायलों की संख्या में 15 फीसदी की। इन मौतों का 45 फीसदी दुपहिया वाहनों की दुर्घटना का परिणाम हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**एप्पल ने दुनिया भर में 150 से अधिक देशों में अपने कुछ उपभोक्ताओं को ऐसे चेतावनी संदेश भेजे हैं। जैसे ही यह संदेश भारत के कुछ प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं के पास पहुंचे, तो सभी विपक्षी दलों के नेताओं को सरकार पर हमला करने का मौका मिल गया। चुनावी माहौल में यदि विपक्ष के नेताओं पर ऐसा कुछ हो रहा है तो सरकारी तंत्र सवालों के घेरे में आयेगा ही। मामले के तूल पकड़ते ही सरकार ने भी बयान जारी किया कि वह चिंतित है और उन्होंने इस घटना की जांच के आदेश दिये हैं।**

# क्या आपका मोबाइल फोन सुरक्षित है

रजनीश कपूर



**यदि आप किसी से फोन पर बात नहीं भी कर रहे हैं, तब भी आपके आइफोन के माइक के जरिए फोन के आसपास होने वाली हर बात को सुना जा सकता है। आपकी मर्जी के बिना आपके आइफोन के कैमरे का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। आप अपना फोन लिए कहां-कहां गये, इसकी जानकारी भी हैकर को मिल जाती है। इसलिए हमें काफी सचेत रहने की जरूरत है।**

आये दिन हमें यह सुनने को मिलता है कि किसी बड़े व्यक्ति या मशहूर शख्सियत ने अपने मोबाइल फोन में छेड़छाड़ या टैपिंग की शिकायत की है। ऐसा आरोप अक्सर उस व्यक्ति के प्रतिद्वंद्वी या दुश्मनों पर लगते हैं। यह सब तब भी होता है जब फोन टैपिंग का शिकार व्यक्ति किसी ऐसे कार्य को अंजाम देने वाला होता है, जिससे उसके प्रतिद्वंद्वियों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका होती है। ऐसी घटनाएं केवल राजनीति के मैदान में नहीं होतीं। कॉर्पोरेट सेक्टर और खेल के मैदान में भी ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। फोन टैपिंग के जरिए जासूसी करना कोई नयी बात नहीं है। ऐसा कार्य, सरकारी एजेंसियां अक्सर देश विरोधी गतिविधियों की जांच के लिए करती आयी हैं। परंतु पिछले कुछ वर्षों में फोन टैपिंग के गैर-कानूनी इस्तेमाल की खबरें भी सामने आयी हैं।

ताजा मामला आइफोन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एप्पल द्वारा दिये गये चेतावनी संदेश का है। उपभोक्ताओं को भेजे गये चेतावनी संदेश के अनुसार, राज्य प्रायोजित हमलावर उनके आइफोन को निशाना बना सकते हैं।

**किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गयी तस्वीर, वीडियो या लिंक को अपने फोन में नहीं खोलना चाहिए।**

एप्पल ने दुनिया भर में 150 से अधिक देशों में अपने कुछ उपभोक्ताओं को ऐसे चेतावनी संदेश भेजे हैं। जैसे ही यह संदेश भारत के कुछ प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं के पास पहुंचे, तो सभी विपक्षी दलों के नेताओं को सरकार पर हमला करने का मौका मिल गया। चुनावी माहौल में यदि विपक्ष के नेताओं पर ऐसा कुछ हो रहा है, तो सरकारी तंत्र सवालों के घेरे में आयेगा ही। मामले के तूल पकड़ते ही सरकार ने भी बयान जारी किया कि वह चिंतित है और उन्होंने इस घटना की जांच के आदेश दिये हैं।

मोबाइल फोन निर्माताओं में एप्पल कंपनी का आइफोन सुरक्षा की दृष्टि से सर्वोत्तम माना जाता है। इन उपकरणों में हैकिंग या जासूसी रोकने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से सबसे उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है, जो एक अभेद्य किले के समान होती है। साइबर विशेषज्ञों के अनुसार यदि किसी हैकर को किसी के आइफोन को हैक करना है, तो वह काफी कठिन और महंगा होता है, परंतु असंभव नहीं होता। इसलिए यदि किसी हैकर को किसी का आइफोन हैक करना है, तो उसे पैसे और तकनीक की दृष्टि से काफी मजबूत होना पड़ेगा।

जानकारों के अनुसार, भले ही किसी का आइफोन हैक हो जाये, लेकिन जैसे ही उस आइफोन का सॉफ्टवेयर अपडेट होगा, तो उसमें पड़ा जासूसी वाला सॉफ्टवेयर स्वतः ही निष्क्रिय हो जायेगा।

ऐसे में सवाल उठता है कि आईफोन जैसे सुरक्षित मोबाइल भी खतरे में कैसे हैं? क्या आइफोन के सुरक्षा सॉफ्टवेयर का तोड़ भी साइबर अपराध के हैकरों के हाथ लग गया है? गौरतलब है कि एप्पल ने अपने स्पष्टीकरण में एक अहम बात भी स्पष्ट की है। ऐपल ने कहा, हम इस बारे में जानकारी देने में असमर्थ हैं कि किस कारण से हमें खतरे की सूचनाएं जारी करनी पड़ रही हैं, क्योंकि इससे राज्य-प्रायोजित हमलावरों को भविष्य में पता लगाने से बचने के लिए अपने व्यवहार को अनुकूलित करने में मदद मिल सकती है।

इससे यह बात तो स्पष्ट है कि एप्पल अभी भी फोन हैकरों से एक कदम आगे है। ऐसे में एप्पल को अपने सॉफ्टवेयर को बहुत जल्द अपडेट भी करना पड़ेगा, जिससे कि यदि फोन हैक हुए भी हैं, तो उनमें से हैकिंग निकाली जा सके। जानकारों के मुताबिक स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैक करने वाले हैकर एक छोटे समूह को ही अपना लक्ष्य बनाते हैं। ये हैकर तकनीक की दृष्टि से एकदम नये और आधुनिक संसाधनों का ही इस्तेमाल करते हैं। अन्य साइबर अपराधियों की तरह ये एक बड़े समूह को अपना शिकार नहीं बनाते, जिस कारण इनको ट्रैक करना मुश्किल होता है। ऐसे अटैक काफी जटिल होते हैं और इनका ईजाद करने में करोड़ों का खर्च आता है। इन अटैकों की समयावधि भी बहुत छोटी होती है। परंतु ऐसे हैकरों द्वारा हैक किये गये आइफोन पूरी तरह उनके इशारों पर चलते हैं।

यदि आप किसी से फोन पर बात नहीं भी कर रहे हैं, तब भी आपके आइफोन के माइक के जरिए फोन के आसपास होने वाली हर बात को सुना जा सकता है। आपकी मर्जी के बिना आपके आइफोन के कैमरे का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। आप अपना फोन लिए कहां-कहां गये, इसकी जानकारी भी हैकर को मिल जाती है। इसलिए हमें काफी सचेत रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गयी तस्वीर, वीडियो या लिंक को अपने फोन में नहीं खोलना चाहिए। फोन के सॉफ्टवेयर को हमेशा अपडेट रखें। क्या कोई अन्य देश ऐसे अटैक कर रहा है, जिसकी मंशा भारत में राजनीतिक अस्थिरता लाना है? यदि ऐसा है तो केवल विपक्षी नेताओं के फोन में ही ऐसा अटैक क्यों हुआ?

## जमशेदपुर की खबरें

# कोल्हान डीआइजी आज करेंगे होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम की लॉन्चिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर होटल एंड रेस्टुरेंट एसोसिएशन (जेएचआरए) की पहल रंग लायी है। होटल अतिथि पुलिस सत्यापन प्रणाली को तकनीकी रूप से सरल बनाने के लिए जेएचआरए ने जमशेदपुर एसएसपी से संपर्क किया था। होटलों के अलावा पुलिस को आपराधिक और अवैध गतिविधियों पर नजर रखने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। एसएसपी जमशेदपुर की पहल से राज्य राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) झारखंड ने इस अनूठी परियोजना को लिया और एक उपयोगी सॉफ्टवेयर तैयार किया। अब कुछ ही महीनों के भीतर पुलिस जमशेदपुर से अपनी तरह की अनूठी पुलिस सत्यापन प्रणाली लॉन्च करने के लिए तैयार है।

डीआइजी कोल्हान अजय लिंडा, एसएसपी किशोर कौशल आइपीएस, डॉ. पीयूष गुप्ता एसआइओ निदेशक एनआइसी झारखंड, होटल सॉनेट में 4 नवंबर को होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम की लॉन्चिंग के गवाह बनेंगे।

डीआइओ किशोर प्रसाद ने बताया कि राज्य राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने एक सॉफ्टवेयर का विकास किया है, जिसका उपयोग होटल अतिथि पुलिस सत्यापन प्रक्रिया को बेहतर और आसान बनाने के लिए किया जायेगा। रविश रंजन अध्यक्ष जेएचआरए ने बताया कि यह झारखंड में पहला सॉफ्टवेयर होगा, जो होटल अतिथि पुलिस सत्यापन में उपयोग होगा। यह सॉफ्टवेयर होटलों द्वारा परेशानी मुक्त दिनचर्या सुनिश्चित करेगा।

सॉफ्टवेयर को उसी के अनुसार डिजाइन किया गया है जहां होटल, स्थानीय पुलिस स्टेशन और जिला पुलिस विभाग जानकारी अपलोड करने और उस तक पहुंचने की पहुंच होगी। यह झारखंड में पहली बार है जब एनआईसी ने पुलिस के काम को आसान बनाने के लिए इस सॉफ्टवेयर को विकसित किया है।

# डीसी की पहल पर युवती का नामांकन, परिजनों ने जताया आभार



**बोड़ाम (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर आयोजित जनता दरबार में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित समाधान निकलने पर ग्रामीणों में हर्ष है। जनता दरबार में डीसी के समक्ष बोड़ाम प्रखंड के अंधारझोर गांव से आए शिल्पकारों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कई जनसमस्याओं की जानकारी दी। मौके पर 10वीं पास पोती की पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ बुजुर्ग दादा ने समस्या से अवगत कराया। उन्होने बताया पोती भवानी दास का नामांकन वर्कर्स कॉलेज में कराये लेकिन आर्थिक समस्या के कारण प्रतिदिन लगभग 10 किमी जाकर पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ है। जानकारी मिलते ही डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने मामले को गंभीरता से विचार करते हुए तत्काल विभागीय पदाधिकारी को भवानी दास का नामांकन पटमदा आवासीय विद्यालय केजीबीवी में कराने का निर्देश दिया। डीसी के निदेश पर शुक्रवार को युवती का नामांकन कराया गया। पटमदा आवासीय विद्यालय में बेटी की नामांकन होने पर युवती के पिता दयामय रूहिदास ने खुशी जताते हुए पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के प्रति आभार प्रकट की।

## सोहराय पर्व का गोट बोंगा 12 नवंबर को

# आदिवासी क्षेत्रों में दिखने लगीं रौनक घरों की दीवारों में लिपाई पुताई शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बाहा बोंगा के बाद आदिवासी समाज की सबसे बड़ी और पवित्र पूजा गोट बोंगा यानी सोहराय पर्व आगामी 12 नवंबर से शुरू होगा। यह पर्व लगातार पांच दिनों तक चलता रहेगा। कार्तिक अमावस्या के दिन सामूहिक रूप से विभिन्न गांव के नायके बाबा (पुजारी) द्वारा अपने-अपने गांव में गोट बोंगा कर इस पर्व की शुरूआत की जाती है। गोट बोंगा में मुर्गे की बलि चढ़ाई जाती है। इसके बाद गांव के लोगों द्वारा प्रसाद के रूप में सोड़े ग्रहण किया जाता है। जमशेदपुर शहर के ग्रामीण इलाकों करनडीह, सारजमदा, तालसा, शंकरपुर, रानीडीह, मातलाडीह, काचा, परसुडीह, पोंडेहासा, छोलागोड़ा आदि ग्रामीण इलाकों में अभी से ही सोहराय पर्व की तैयारियां चल रही हैं। जहां, गांव के पुरुष बाजारों से आवश्यक सामग्री खरीदने में लगे हुए हैं, वहीं महिलाएं अपने-अपने घरों की दीवारों में लिपाई पुताई और रंगाई के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की कलाकृति बनाने में व्यस्त हैं। सुंदर और आकर्षक कलाकृति बनाने में आदिवासी समाज की महिलाओं को महारत हासिल है, जिनमें उनकी छोटी-छोटी बच्चियों भी उनका हाथ बंटाते दिख जाती हैं।

**सोहराय पर्व**
**11 नवंबर: उम नाड़का**
**12 नवंबर: गोट बोंगा**
**13 नवंबर: दाकाय माहा**
**14 नवंबर : आड़ाअ् माहा**
**15 नवंबर: जाजले माहा**

सारजमदा पुड़सी पिंडा के मुडूद माझी बाबा लेदेम मुर्मू ने कहा कि फसल की अच्छी पैदावार होने के बाद सभी किसान सोहराय पर्व के माध्यम से अपने-अपने गाय और बैलों की पूजा करते हैं, मगर इस बार इंद्र देवता की कृपा से बारिश का खतरा बना हुआ है। गांव के युवा राजेश मार्डी ने बताया कि सोहराय पर्व का आदिवासी समाज बड़ी बेसब्री से इंतजार करता है। महिला तथा पुरुष सभी साफ सुथरे और नए पारंपरिक परिधान में रहते हैं और पांच दिनों तक चलने वाला यह सोहराय पर्व आपसी भाईचारा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर हड़िया (पेय पदार्थ) का भी सेवन किया जाता है। कई कई गांवों में पर्व के चौथे दिनों से बैल नाच की प्रतियोगिता भी रखी जाती है।

# छठ पूजा के दौरान मारपीट के मामले में सूर्य मंदिर समिति के 16 लोगों को मिली जमानत



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में बीते साल छठ पूजा के दौरान सूर्य मंदिर समिति व विधायक समर्थकों के बीच हुए मारपीट मामले का शुक्रवार को जमशेदपुर कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने समिति के 16 लोगों की जमानत को मंजूरी दे दी। सूर्य मंदिर समिति की ओर से शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शंकर पाठक ने सदस्यों का पक्ष रखा था। उधर जमानत मिलने पर सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों में हर्ष है। मौके पर पूर्व अध्यक्ष संजीव सिंह ने न्यायालय के प्रति आभार जताते हुए इसे सत्य की जीत बताया। उन्होंने कहा विधायक के समर्थकों ने छठ पूजा के दौरान अनावश्यक विवाद पैदा की थी। न्यायालय से न्याय के लिए सभी आशान्वित थे। वही कुलवंत सिंह बंटी ने न्यायालय के फैसले पर हर्ष जताते हुए कहा छठ पूजा में विघ्न डालने वालों को छठी मैया सद्बुद्धि दें। जमानत मिलने वाले में सूर्य मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष संजीव सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, कुमार अभिषेक, सतवीर सिंह सोमू, शैलेश गुप्ता, चिंटू सिंह, कंचन दत्ता, कुमार देवराज, इकबाल सिंह, अनिमेष सिंह, अमन सिंह, सौरव चौधरी, निशांत सिंह, नारायण लोहार, विकास सिंह, राकेश सिंह शामिल रहे।

# सीआइआइ झारखंड चैप्टर की इंडस्ट्रियल सेफ्टी कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सीआईआई झारखंड चैप्टर के पहल पर इंडस्ट्रियल सेफ्टी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मुख्य कारखाना निरीक्षक गोपाल, विशिष्ट अतिथि सीआईआई पूर्वी जोन के डिप्टी चेयरमैन सुवेंद्र कुमार बेहरा, सीआइआइ झारखंड राज्य परिषद के चेयरमैन उज्जवल चक्रवर्ती, नेत्राडायन के रीजनल हेड परेश राकेश, सीआइआइ झारखंड के संयोजक सह टाटा स्टील के नीरज सिन्हा सहित अन्य शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर सीआईआई के सेफ्टी एक्सपर्ट पैनल द्वारा उद्यमियों को इंडस्ट्रियल सेफ्टी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इंडस्ट्रियल दुर्घटनाओं पर रोक लगाने व उसमें कमी लाना है। इसके लिए नई तकनीक से उद्यमियों को अवगत कराया गया। मौके पर झारखंड सरकार के मुख्य कारखाना निरीक्षक गोपाल कुमार ने कहा कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी करना हादसे को निमंत्रण देना है। कोई भी कंपनी अगर सुरक्षा नियमों के विभिन्न पहलुओं का ध्यान रखते हुए काम करती है, तो दुर्घटनाओं में कमी आती है। कारखानों या किसी भी अन्य जगहों पर सरकार द्वारा सुरक्षा के लिए तय किये गये पॉलिसी का पालन अवश्य होना चाहिए। सुरक्षा के मामले में सभी लोगों का सोचने का तरीका अलग अलग होता है। झारखंड में पांच वर्षो के दौरान कारखानों में दुर्घटनाओं में काफी कमी आयी है। इसका मुख्य कारण सुरक्षा नियमों का पालन होना है। सीआइआइ झारखंड राज्य परिषद के चेयरमैन उज्जवल चक्रवर्ती ने कहा किसी भी कंपनी व संगठन या अन्य कार्यस्थल पर सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। सुरक्षा के तय मानकों को पुरा करने में सभी को सहयोग भी करना चाहिए। एमएसएमई सेक्टर में भी सुरक्षा संसाधनों की भारी कमी देखी जाती है। लेकिन इस सेक्टर में सुरक्षा मानकों का पालन आवश्यक है। वहीं, सड़क सुरक्षा भी आज गंभीर समस्या बन गया है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की जरूरत है। मौके पर सीआइआइ इस्टर्न रिजन के डिप्टी चेयरमैन एस बेहरा ने कहा हमें सुरक्षा पहले अपनानी चाहिए। ईएसजी ऑडिट किसी संगठन को सुरक्षा उपायों को समझने और उनमें सुधार करने में मदद करते हैं। इस प्रकार, ईएसजी ऑडिट अनिवार्य होना चाहिए। नेत्राडायन के रीजनल हेड परेश राकेश, नीरज सिन्हा ने सुरक्षा नियमों को अपनाने और कर्मियों को सुरक्षा पर लगातार अपडेट देने की बात कही। वहीं, सीआइआइ जमशेदपुर के संयोजक उमेश ने सभी का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम में तकनीकी सत्र में रोड सेफ्टी पर सीआइआइ झारखंड के संयोजक सह टाटा स्टील के नीरज कुमार सिन्हा, संस्थापक पूजा बजाज ने अपने बातों को रखी। वहीं अन्य तकनीकी सत्र में सेफ्टी इन एमएमएमई पर हाइको इंजीनियर प्राइवेट लिमिटेड के एमडी तापस, टाटा स्टील के हेड सेफ्टी सुनील, उद्योगी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के प्रीतम देब ने अपने विचार रखे।

# गरीब, आदिवासी और वंचितों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है हेमंत सरकार : मंत्री मिथिलेश

**एक दर्जन से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत हासनदाग के एक दर्जन से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। शुक्रवार को सभी कार्यकर्ताओं ने मनोज कुमार दुबे उर्फ बबलू दुबे के नेतृत्व में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर झामुमो में शामिल किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, आदिवासी, शोषित, पीड़ित और वंचितों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर आज मेराल के हासनदाग से कई लोग भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल हुए हैं। पार्टी में शामिल होने वालों का अभिनंदन करते हुए मंत्री ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले नये लोग काफी उर्जावान हैं। इनसे पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सभी लोग क्षेत्र में जनता के बीच जाकर हेमंत सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दें और इन योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके यह भी सुनिश्चित करें। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से बबलू दुबे, सुदर्शन विश्वकर्मा, बुद्धदेव चौधरी, राजेंद्र चौधरी, मुकेश ठाकुर आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, मदनी खान आदि लोग उपस्थित थे।


लोगों को पार्टी में शामिल कराते मंत्री

# सत्ता में आते ही गरीबों की लूटी गयी जमीन को कराया जायेगा वापस: सत्येंद्रनाथ तिवारी

**रमकंडा में झामुमो छोड़ दो सौ लोगों ने थामा भाजपा का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शुक्रवार को रमकंडा प्रखंड के करीब दो सौ झामुमो कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। सभी को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने माला पहनाकार पार्टी में स्वागत किया। रमकंडा के बिराजपुर पंचायत अतंर्गत होमिया गांव में आयोजित स्व शिवलाल साहू मेमोरियल फुटबॉल क्षेत्रीय बालक/बालिका टूर्नामेंट के फाइनल मैच के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने भाजपा में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं ने कहा कि उक्त लोग जिस उम्मीद और विश्वास के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर को पिछले चुनाव में सहयोग किया था। उस पर पांच प्रतिशत भी खरा नहीं उतरे। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि क्षेत्र में चारो तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। गरीबों को सुनने वाला कोई नहीं है। प्रखंड, अंचल से लेकर सभी विभागों में बिना रिश्वत का कोई काम नहीं हो रहा है। पिछड़े, दलितो और गरीबों का सामंती ताकतों के द्वारा जमीन लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही गरीबों का लूटे गए सभी जमीन को वापस कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंत्री के सहभागिता से गढ़वा जिला के गरीबों का राशन घोटाला किसी से छिपा हुआ नही है। बालू के अभाव में लोग पीएम आवास का निर्माण नही कर पा रहे है। झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल होने वालों में रमेश लकड़ा, अनिरूध लोहर, विशुन प्रजापति, शिवकुमार मिंज, रामनाथ भुईहर, राजू भुईहर, सत्येन्द्र भुईहर, सुकन उरांव, फिरंगी भुईहर, करीमन सिंह, निहोरा मुंडा, धर्मेन्द्र भुईहर, जवाहिर मुंडा, सुगम मुंडा, अमरदेव कोरवा, विक्रम कोरवा, सीताराम भुईया, सुकन भुईया, सोमारू भुईहर, पंचम मांझी, कालो देवी, तेतरी, लीलावती देवी, आशा देवी, पूनम देवी, आशा देवी, किरण देवी, पानपति देवी, सुनीता देवी, विश्वनाथ, विफन लोहरा, लव पासवान, इंद्रदेव, अलियार, गिरिवर कुजूर, शंभु रवि, श्रवण पासवान सहित अन्य लोग का नाम शामिल है। मौके पर रविंद्र लकड़ा, उमेश यादव, राजकुमार, कमल किशोर, बालजी, जितेंद्र सिंह, भोला, वीरेन्द्र प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



# 11 करोड़ की लागत से बननेवाली दो सड़क का विधायक ने ग्रामीणों से कराया भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** विधायक भानू प्रताप शाही ने रमना प्रखंड में दो अलग-अलग पथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिसमें एचएन मुख्य सड़क 75 से मडवानिया पंचायत भवन से भागोडीह होते हुए रमना डंडई मार्ग के दुधवानिया मोड़ तक 5.2 करोड़ कि लागत से 6 किमी पथ व दूसरा रमना प्रखंड कार्यालय मार्ग के बनखेता से सपही मिशन स्कूल तक 6 करोड़ की लागत से 6.6 किमी तक पथ कालीकरण निर्माण का भूमि पूजन किया गया। सपही में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि पहली बार विधयक बना था तब से रमना प्रखंड सहित पूरे विधान सभा के समुचित विकास कार्य कर रहा हूं।



कहा कि हेमंत की सरकार जानता को धोखा देने और झलने का काम कर रही है। कहा कि झामुमो नेता भाजपा सरकार द्वारा कराये जा रहे कार्यों का श्रेय लेने का कोशिश कर रहे हैं। जो क्षेत्र की जनता भली-भांति जानती है। जानता आगामी चुनाव में जवाब देगी। वहीं सीओ वसुदेव राय ने कहा कि रमना से सपही तक का सड़क बन जाने से बहियार कला पंचायत सहित अन्य गांव के लोगों को लाभवंतित होंगे। इस मौके पर भगत दयानंद यादव, मुकेश चौबे कार्य समिति सद्स्य,मण्डल महामंत्री रविंद्र चौधरी, राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, उपाध्यक्ष अमित प्रकाश, राकेश विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि रूपनारायण यादव, बहियार कला मुखिया सावत्री देवी ने भी संबोधित किया।

## केतार में छठ पूजा के सफल आयोजन को लेकर बैठक



**केतार (आजाद सिपाही)। लोक आस्था का पर्व छठ पूजा का सफल आयोजन को लेकर श्री सूर्य मंदिर परिसर में मंदिर विकास समिति,अनुशासन समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण लोगों की उपस्थिति में बैठक किया गया। कार्तिक छठ के अवसर पर श्री सूर्य मंदिर परिसर में झारखंड समेत सीमावर्ती प्रदेश उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, बिहार समेत अन्य प्रदेशों से लाखों श्रद्धालु छठ व्रत करने के लिए पहुंचते है। छठ पूजा में पिछले वर्ष किये गये विधि व्यवस्था से अधिक विधि व्यवस्था करने, पेयजल की समुचित व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा, लाइटिंग, साफ सफाई पर विशेष ध्यानाकृष्ट किया गया।**

# स्वच्छ पंडाल प्रतियोगिता में पूजा पंडाल को किया गया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्वस्थ भारत अभियान के तहत नगर परिषद गढ़वा द्वारा स्वच्छ पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य शहर के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। इसी को लेकर नगर परिषद द्वारा निर्णायक मंडली का गठन किया गया था। निर्णायक मंडली के पदाधिकारियों ने शहर के सभी पूजा पंडाल में घूम-घूमकर स्वच्छता का जायजा ले रहे थे। इसके बाद नगर परिषद के निर्णायक मंडली द्वारा बेहतर करने वाले पूजा समिति को अंक देकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा से पहले नगर परिषद कार्यालय में पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया था। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल में मां दुर्गा का दर्शन करने वाले पुरूष व महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग- अलग द्वार बनायेगें। उन्होंने कहा कि कुछ पूजा पंडालों में निदेर्शों का पालन किया गया था लेकिन कुछ पंडालों के पदाधिकारियों द्वारा नहीं किया गया था। जबकि पूजा पंडाल में समिति द्वारा स्वच्छता का ध्यान रखा गया था। इसकी को देखते हुए स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया जा रहा है।



## जय मां शेरावाली संघ भगलपुर टंडवा को मिला प्रथम पुरस्कार

**नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि स्वच्छ पूजा पंडाल में प्रथम स्थान जय मां शेरावाली संघ भगलपुर टंडवा को दिया गया। जबकि गढ़देवी मंदिर पूजा समिति गढ़वा को द्वितीय व मां दुर्गा पूजा समिति शिव मंदिर चिनियां रोड को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त पूजा समिति के पदाधिकारियों को नगर परिषद द्वारा स्वच्छता प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।**

## अलखनाथ पांडेय ने भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप को जीताने की अपील की



**गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा और छत्तीसगढ़ राज्य के नारायणपुर विधानसभा चुनाव के प्रभारी अलखनाथ पांडेय ने नारायणपुर विधानसभा के सूलेंगा बूथ, तेलसी बुथ सहित विभिन्न बुथों और नगर परिषद के विभिन्न वार्डों के मतदाताओं के साथ बैठकर नारायणपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप को जीतने की अपील लोगों से की। उन्होंने लोगों के साथ जनसंपर्क कर अपना आशीर्वाद देकर उनको जीतने के लिए लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता पूरे छत्तीसगढ़ में पूरे जोर शोर से लोगों के साथ जनसंपर्क कर रहे हैं जिस तरह से पूरे छत्तीसगढ़ में लोगों का समर्थन भाजपा को मिल रहा है यह तय है कि इस बार छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार बना तय है।**

## भाजपा विधायक भानु का 46वां जन्मदिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के जन्मदिवस के अवसर पर भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष हैप्पी प्रताप शाही के नेतृत्व में 46वां जन्मदिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भवनाथपुर मोड स्थित धमनी पुल के निकट वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों, अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों और कुपोषण केंद्र में जाकर दर्जनों से अधिक जरूरतमंदों के बीच फल,मिठाई और कंबल का वितरण कर विधायक भानु प्रताप शाही के स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना करते हुए धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस दौरान लोगों ने इस नेक काम के लिए विधायक भानु के प्रति आभार जताया।**

## 29 वर्षीय संध्या देवी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कांडी(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सरकोनी गांव निवासी शशिकांत राय उर्फ कलुआ की 29 वर्षीय पत्नी संध्या देवी शुक्रवार की सुबह अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर कांडी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दी।**

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में युवक को भेजा गया जेल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है वही नाबालिग लड़की का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराया गया, उसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि में एक मोटरसाइकिल पर सवार यूवको ने नाबालिग को जबरन ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। इस दौरान स्थानीय लोगों के हंगामा के बाद भागने के दौरान एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया वहीं भगाने के दौरान मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया है।**

# देवी धाम मंदिर का त्रिशूल और पिंडी क्षतिग्रस्त, आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के बलीगढ़ गांव में असामाजिक तत्वों के द्वारा देवी धाम मंदिर के त्रिशूल और पिंडी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मौके पर पहुंचकर मुख्यालय डीएसपी के द्वारा पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दिया गया है। देवी धाम के अध्यक्ष नंदा राम ने बताया कि 4:00 बजे भोर में रोज देवी धाम में भक्ति गाना बजाया जाता है। जिसका कुछ दिन पहले दूसरे समुदाय के लोगों के द्वारा इसका विरोध किया गया था। इस बात को लेकर गांव में दोनों समुदाय के बीच बैठक कर-के समझौता किया गया था कि दोनों कोई बाजा बजायेंगे और किसी को कोई परेशानी नहीं होगा। लेकिन शुक्रवार की सुबह जब देवी धाम में बाजा बजाने के लिए गये तो देखा की मंदिर का त्रिशूल और पिंडी क्षतिग्रस्त किया गया है और बाहर का बजरंगबली के पास का त्रिशूल उखाड़ कर अज्ञात लोगों के द्वारा गायब कर दिया गया। अध्यक्ष के द्वारा पुलिस को इस बात की सूचना दी गयी। एसडीपीओ अवध कुमार यादव घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रहे हैं। इधर प्रशासन के समक्ष गांव के लोगों ने मांग किया कि जल्द से जल्द उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाए और फिर से गांव में सौहार्दपूर्ण माहौल बहाल हो।



## दो अलग-अलग मामले में दो गिरफ्तार, जेल

**मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने शुक्रवार को दो अलग-अलग मामले के प्राथमिक दो अभियुक्त को जेल भेज दिया। मेराल थाना में दर्ज कांड संख्या 206/2023 के प्राथमिक अभियुक्त प्रभु ठाकुर (28) पिता स्वर्गीय विश्वनाथ ठाकुर ग्राम रेजो एवं थाना कांड संख्या 209/2023 के प्राथमिक अभियुक्त संतोष कुमार उरांव पिता स्वर्गीय लल्लु उरांव ग्राम पिंडरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रभु ठाकुर बीते रात्रि में एक घर में घुसकर गैस सिलेंडर की चोरी किया गया था।**

# यज्ञ कमिटी ने आभार व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित चतुर्मास महायज्ञ की सफलता को लेकर यज्ञ कमिटी ने आभार व्यक्त किया है। अनिकेत पैलेस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यज्ञ कमिटी के लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे ने कहा कि इस महाकुंभ को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन, जिला पुलिस, बिजली विभाग चिकित्सा विभाग, पीएचइडी, नगर पंचायत, व्यवसायियों, पत्रकारों के साथ दूर-दराज से महायज्ञ में शामिल होने वाले सभी लोगो के प्रति यज्ञ समिति आभार व्यक्त करती है। साथ ही सभी राजनीतिक दल के लोगों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी यज्ञ में बढ़-चढ़कर अपना तन-मन-धन से सहयोग किया है, उसके लिए भी यज्ञ समिति आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का इस यज्ञ को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा है। सरकार से जो भी अपेक्षाएं थी, सभी पूरा हुआ। सनातन संस्कृति के बारे में अपना पक्ष रखा। इस यज्ञ को लेकर पूरे शहर के साथ पूरे झारखंड में चर्चा हो रही है। स्वतःस्फूर्त आयी लाखो की भीड़ काफी अनुशासित थी। कोई अप्रिय घटना नही घटी। प्रेस वार्ता में उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, गुडू चौबे, धर्मेंद्र चौबे, उपेंद्र, विक्रांत उर्फ सोनू सिंह, राधेरमण चौबे मौजूद थे।



## उपायुक्त सह जिला दण्डधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग (खनन शाखा)

**हजारीबाग जिला के लिए बालू घाटों के MDO चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय–निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट संख्या | रकवा (हेक्टेयर में) | कुल रकवा (हेक्टेयर में) | Tentative Yearly Production (cum) | eTender reference no. | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाषन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | नियम एवं षर्तें | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | पडरिया | बड़कागाँव | 560, 1039, 807, 1050 | 0.39 | 7.08 | 84,960 | HZB/SAND/MDO/A/ Pandaria/Sirma / 2023/01 | 04.11.23 | 14.11.23 समय पूर्वाहन् 11:00 बजे तक | 16.11.23 समय पूर्वाहन् 11:00 बजे | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender Documents के अनुरूप | उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, हजारीबाग |
| | पडरिया | | 560, 1039, 807, 1050 | 0.42 | | | | | | | | |
| | पडरिया | | 560, 1039, 807, 1050 | 0.98 | | | | | | | | |
| | सिरमा | | 109 | 3.04 | | | | | | | | |
| | पडरिया | | 560, 1039, 807, 1050 | | | | | | | | | |
| | पडरिया | | 560, 1039, 807, 1050 | 2.25 | | | | | | | | |
| 2 | साँढ़ | बड़कागाँव | 2564 | 4.58 | 4.58 | 54,960 | HZB/SAND/MDO/A/ Sandh/Sonpura/ 2023/02 | | | | | |
| | सोनपुरा | | 01, 372 | | | | | | | | | |
| 3 | मासीपीढ़ी | बरकट्ठा | 2911 | 1.60 | 1.60 | 14,400 | HZB/SAND/MDO/A/Masipirhi /Belkapi/ 2023/03 | | | | | |
| | बेलकपी | | 5633 | | | | | | | | | |
| 4 | बेहराबाद | बरही | 01 | 3.18 | 3.18 | 38,160 | HZB/SAND/MDO/A/ Beharabad/2023/04 | | | | | |
| 5 | बेरीसाल | बरही | 137, 227, 228 | 3.47 | 4.70 | 56,400 | HZB/SAND/MDO/A/ Bairisal/2023/05 | | | | | |
| | बेरीसाल | | 137, 227, 228, 228 | 0.77 | | | | | | | | |
| | बेरीसाल | | 137 | 0.46 | | | | | | | | |
| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट संख्या | रकवा (हेक्टेयर में) | कुल रकवा (हेक्टेयर में) | Tentative Yearly Production (cum) | eTender reference no. | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाषन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | नियम एवं षर्तें | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 6 | बादम | बड़कागाँव | 1367 | 0.99 | 2.89 | 34,680 | HZB/SAND/MDO/ A/Bada/Rautpara/ Dambhadih/Kutulua/2023/06 | | | | | |
| | राउतपारा | | 01 | | | | | | | | | |
| | बादम | | 1367 | 0.43 | | | | | | | | |
| | राउतपारा | | 01 | | | | | | | | | |
| | डम्भाडीह | | 29, 188 | 0.23 | | | | | | | | |
| | डम्भाडीह | | 29, 188 | 0.99 | | | | | | | | |
| | कुतुलुवा | | 01 | | | | | | | | | |
| | कुतुलुवा | | 01 | 0.25 | | | | | | | | |
| 7 | लंगातु | बड़कागाँव | 2655, 2788, 2947, 3808 | 0.54 | 3.48 | 31,320 | HZB/SAND/MDO/ A/Langatu/Sikri/ Pandaria/Barkagaon/ Sirma/2023/07 | | | | | |
| | सिकरी | | 1496 | | | | | | | | | |
| | लंगातु | | 2655, 2788, 2947, 3808 | 1.00 | | | | | | | | |
| | पडरिया | | 183 | | | | | | | | | |
| | सिकरी | | 1496 | | | | | | | | | |
| | लंगातु | | 2655, 2788, 2947, 3808 | 0.84 | | | | | | | | |
| | पडरिया | | 183 | | | | | | | | | |
| | लंगातु | | 2655, 2788, 2947, 3808 | 0.48 | | | | | | | | |
| | पडरिया | | 183 | | | | | | | | | |
| | लंगातु | | 2655, 2788, 2947, 3808 | 0.19 | | | | | | | | |
| | पडरिया | | 183 | | | | | | | | | |
| | बड़कागाँव | | 3982, 3683 | 0.43 | | | | | | | | |
| | सिरमा | | 01 | | | | | | | | | |
| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट संख्या | रकवा (हेक्टेयर में) | कुल रकवा (हेक्टेयर में) | Tentative Yearly Production (cum) | eTender reference no. | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाषन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | नियम एवं षर्तें | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 8 | गोसाईबलिया | बड़कागाँव | 01 | 0.11 | 1.00 | 12,000 | HZB/SAND/MDO/ A/Gosaibalia/Harli/ 2023/08 | 04.11.23 | 14.11.23 समय पूर्वाहन् 11:00 बजे तक | 16.11.23 समय पूर्वाहन् 11:00 बजे | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender Documents के अनुरूप | उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, हजारीबाग |
| | हरली | | 1985, 2248 | | | | | | | | | |
| | गोसाईबलिया | | 01 | 0.89 | | | | | | | | |
| | हरली | | 1985, 2248 | | | | | | | | | |
| 9 | चोबदार बलिया | बड़कागाँव | 01 | 0.43 | 0.79 | 9,480 | HZB/SAND/MDO/ A/Chobdar Balia/ Harli 2023/09 | | | | | |
| | हरली | | 1985, 2248 | 0.36 | | | | | | | | |
| | चोबदार बलिया | | 01 | | | | | | | | | |
| 10 | काण्डतरी | बड़कागाँव | 01, 1980 | 0.71 | | 8,520 | HZB/SAND/MDO/ A/Kandtari/2023/10 | | | | | |
| 11 | बेला | बरही | 649 | 5.80 | | 69,600 | HZB/SAND/MDO/ A/Bela/2023/11 | | | | | |

नोटः– 1. JSMDC राँची द्वारा Category-A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा ही केवल www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं JSMDC. Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तें एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तों एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई–निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी, हजारीबाग।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डधिकारी, हजारीबाग।

PR.NO.310600 Mines and Geology(23-24):D

## भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के लोग डीसी से मुलाकात करने पहुंचे



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार फोरलेन विरोध रैयत समिति के द्वारा भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान की अध्यक्षता में दिन शुक्रवार को लातेहार उपयुक्त हिमांशु मोहन से बैठा किया। फोरलेन निर्माण राष्ट्रीय मार्ग 39 द्वारा अधिग्रण की गयी। भूमि के मुआवजा वर्तमान रेट को लेकर उपायुक्त से बैठक किया गया। उक्त भूमि अधिकरण संबंधित जानकारी दी गयी भूमि। उक्त मौके पर अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, संजीव हरिहर प्रसाद यादव, महासचिव परमानंद यादव, कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, मीडिया प्रभारी मिथिलेश पासवान भूमि रैयत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झारखंड से बिहार ले जायी जा रही सरकारी एंबुलेंस से अंग्रेजी शराब पुलिस ने किया जब्त




मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिका थाना क्षेत्र के नामुदाग के पास से मनिका पुलिस ने शुक्रवार को सरकारी एंबुलेंस को अंग्रेजी शराब से लदा पकड़ा। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि बिहार में शराब बिक्री पर करने प्रतिबंध के बावजूद शराब माफिया की सक्रियता लगातार बनी हुई है झारखंड अवैध तरीके से शराब की खेप पड़ोसी राज तक पहुंच रही है। वही एंबुलेंस के साथ एस्कॉर्ट कर रही कार जेएच01सीएफ 6699 को भी पुलिस ने पकड़ा है। उक्त दोनों गाड़ियों के साथ पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। एंबुलेंस का नंबर बीआर05 पी 9083 हैं। खबर लिखे जाने तक एंबुलेंस में कितना शराब हैं इसकी जानकारी प्रशासन के द्वारा नहीं दी गयी है।

## भंडरा में ऐतिहासिक धोबाली जतरा महोत्सव का आयोजन



भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा प्रखंड के धोबाली ग्राम में शुक्रवार को ऐतिहासिक धोबाली जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। जतरा कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, भंडरा जिला परिषद सदस्य राजमणि उरांव, कांग्रेस युवा मोर्चा के लोहरदगा जिला महासचिव रंजीत लकड़ा, मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, भीठा पंचायत मुखिया टेले उराँव, भीठा ग्राम के ग्राम प्रधान परमेश्वर उराँव शामिल हुए। अतिथियों के यहां पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया एवं अंग वस्त्र देकर सबों का अभिवादन किया गया। कार्यक्रम में धोबाली, अंबवा, तेतरपोका, बिटपी पतराटोली, चरिमा सहित अन्य गांव के खोड़हा दल शामिल हुए। सभी खोड़हा दल ने पारंपरिक वेशभूषा के साथ ढोल नगाड़े के साथ नृत्य प्रस्तुत किये। इन खोड़हा दल के साथ अतिथि भी जमकर थिरके। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सदस्य राजेन्द्र उरांव और समिति के कोषाध्यक्ष गुलशन उराँव के द्वारा संयुक्त रूप के किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप जतरा समिति के सह संरक्षक भुनेश्वर उराँव, समिति के अध्यक्ष शुशील उराँव, सचिव प्रदीप उरांव, कोषाध्यक्ष गुलशन उराँव, मंच संचालक सह आयोजन समिति के सदस्य राजेंद्र उरांव, एतवा, संजय, बुधुवा उराँव, शनिचरवा, गोवर्धन सहित अन्य लोगो का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

## ग्रामीणों ने बूढ़ी डूबा नदी पर पुल निर्माण की मांग की



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा प्रखंड स्थित बैलगड़ा, उचरिंगा, नवाटांड़ और निंद्रा के ग्रामीणों ने बैठक कर बूढ़ी डूबा नदी पर पुल निर्माण कराने को लेकर चर्चा की। ग्रामीणों ने उक्त नदी पर पुल निर्माण कराने की मांग को लेकर चंदवा पूर्वी जिला परिषद् प्रतिमा देवी के समक्ष अपनी मांग रखी। ग्रामीणों ने कहा कि पुल नही होने के कारण बारिश के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों को जान का खतरा बना रहता है। इसके अलावे मुख्य पथ से बैलगड़ा, उचरिंगा, नवाटांड़, जमुआरी और बलंगा का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से कट जाता है। मरीज ससमय अस्पताल नहीं पहुंच पाते है। जिससे उनका इलाज नहीं हो पाता। यह देख जिला परिषद के प्रतिनिधि रोहित यादव ग्रामीणों के साथ उक्त स्थल में पहुंचे और जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से इस नदी पर पुल निर्माण कराने की पहल कराने का प्रयास करूंगा। मौके पर रंथू मुंडा, सूरज मुंडा, राहुल मुंडा, अमृत मुंडा, जितेंद्र मुंडा, मनोज मुंडा, बिगनी देवी, राजमुनी देवी, रेखा देवी, सुशीला देवी, धनी, ललिता देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## गजनी गांव में ऐतिहासिक जतरा संपन्न, खोड़हा दल को किया गया पुरस्कृत



कैरो(लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 03 नवंबर शुक्रवार को गजनी गांव में ऐतिहासिक जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें उल्टी, महुवरी, चाल्हो, टाटी, कैरो, गोपालगंज सहित विभिन्न स्थानों के खोड़हा शामिल हुए। आयोजक समिति द्वारा खोड़हा में शामिल लोगों को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप उपस्थित गांव के पाहन रंजीत उरांव ने कहा कि हमें अपनी सभ्यता-संस्कृति को बचाएं रखने की जरूरत है। जतरा के आयोजन से आपसी सौहार्द बढ़ता है। उन्होंने कहा जतरा हमारी संस्कृति व परंपरा की पहचान है। जिससे आपसी प्रेम व सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। जतरा में मौजूद खोड़हा में शामिल लोगों द्वारा पारंपरिक नृत्य-संगीत प्रस्तुत किया गया। वहीं लोगों ने मिठाई, खिलौने आदि की खरीददारी किया। मौके पर पाहन रंजीत उरांव, पुजार शनिया उरांव, महतो चंद्रु उरांव, सरना समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव उरांव, सचिव राम उरांव इत्यादि शामिल थे।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को बढ़ावा देना आम नागरिकों का दायित्वः एसपी

# पुलिस प्रशासन ने बाइक चालकों के बीच बांटा हेलमेट

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सड़क सुरक्षा जगरूकता अभियान के तहत यातायात को देखते हुए सेन्हा में अंजुमन इस्लामिया के बैनर तले पुलिस प्रशासन द्वारा बाइक चालको के बीच 50 हेलमेट का वितरण पुलिस कप्तान द्वारा किया गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के छोटी मस्जिद के समीप अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के तत्वधान में पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा नियम पालन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पुलिस कप्तान हरीश बिन जमां, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार, ट्रैफिक प्रभारी सुजीत कुमार, फजल अव्वास, अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के सदर मुख्तार अंसारी, इंतियाज अंसारी सहित पुलिस बल और अंजुमन इस्लामिया के गणमान्य लोग उपस्थित थे। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने आप बीती सुनाते हुए कहा कि बाइक स्कूटी व अन्य दो पहिया वाहन चलाने के क्रम में सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट चालक तथा पीछे बैठे सवारी के लिए निहायत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट का इस्तेमाल करने से खुद का सुरक्षा नही बल्कि परिवार को भी समस्या से बचाया जा सकता है। सड़क सुरक्षा नियम के अनुसार सभी का दायित्व बनता है कि प्रशासन को सहयोग करें। उक्त बातें सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस कप्तान हरीश बिन जमां ने बताते हुए बाइक चालक को हेलमेट पहन कर बाइक चलाने की सलाह दिया गया। साथ ही वैसे बाइक चालक को जो हेलमेट के बिना सड़क पर धड़ल्ले से आवागमन कर रहे थे, जिसे हेलमेट और गुलाब फूल देकर सड़क सुरक्षा का पालन करने तथा उन लोगो के माध्यम से जागरूकता पर जोर दिया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान 50 बाइक चालक को हेलमेट दिया गया।

# सर्वे में गड़बड़ी के कारण अधिग्रहित भूमि का मुआवजा सूची में नहीं नामः नागेंद्र प्रसाद

**हाल सर्वे में गड़बड़ी के कारण विभागों का चक्कर काटने को मजबूर है मूल रैयत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** लातेहार जिले में हुई हाल सर्वे में गड़बड़ी का खामियाजा मूल रैयतों को भुगतना पड़ रहा है। जिसे लेकर रैयतों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं रैयत आपस में लड़ भिड़ रहे है, और खून खराबा तक की संभावना उत्पन्न हो गयी है। ताजा मामला जिले के बरवाडीह प्रखंड से आया है। जहां भूमि के मूल रैयत नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि बरवाडीह अंचल अंतर्गत छेंचा के टिकवाटोला में उनकी दस एकड़ रैयती जमीन हैं, जो कि 1955 में रजिस्ट्री द्वारा खरीदी गयी हैं। जिसका सरकारी रसीद 2015 तक कटा हुआ है। जिसका पुराना खाता नंबर 524/799 रकवा 10 एकड़ है और वर्तमान में मेरे दखल कब्जे में भी हैं। लेकिन हाल सर्वे में हुई गड़बड़ी के उपरांत उक्त भूमि का नया खाता संख्या 252, प्लॉट नंबर 1189 और रकवा 6.15 एकड़ है। वर्तमान में जिसका रसीद भी ऑनलाइन कट रहा है। लेकिन मेरी 10 एकड़ जमीन से 3.85 एकड़ जमीन जोहन तिग्गा उर्फ जोहन बाखला और उसके वारिश वगेरह के नाम से खाता खुल गया है। जिसका खाता नंबर 57, प्लॉट नंबर 1489/2034 रकवा 4.85 एकड़ दर्शाया गया है, जो कि पूरी तरह गलत है, क्योंकि वह जमीन मेरे पुराने खतियान में पड़ता है। नागेंद्र प्रसाद ने आगे बताया कि वर्ष 2007 में मैने सरकारी अमीन के द्वारा अपनी जमीन का सीमांकन कराया था। जिसमें 15 डिसमिल जमीन मेरा सड़क में चला गया था, जो कि सीमांकन दस्तावेज में अमीन के द्वारा दशार्या गया था। वर्तमान में उक्त जमीन के चौड़ीकरण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग से कराया गया। जिसमें करीब 50 डिसमिल जमीन सड़क में अधिग्रहण होने की संभावना है। उधर सड़क निर्माण कार्य से पूर्व पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के द्वारा भू-अर्जन विभाग के माध्यम से जमीन का उचित मुआवजा दिये जाने की बात कही गई थी लेकिन अब मुआवजा सूची में हमारा नाम नहीं है। इसका मुख्य कारण हाल सर्वे में गड़बड़ी है। उन्होंने बताया कि अपनी अधिग्रहित की हुई जमीन के मुआवजा को लेकर उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग, भू-अर्जन विभाग और बरवाडीह अंचल अधिकारी को सभी दस्तावेजों के साथ आवेदन सौप कर पुराने खतियान के आधार पर मिलान करते हुए अपने जमीन का मुआवजा भुगतान कराने की मांग की है।

### विधायक ने तीन बार सदन में उठाये हैं सवाल

बता दें कि हाल ही में सर्वे में हुई त्रुटियों के मामले को लेकर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने तीन बार सदन में आवाज उठाई है, और लातेहार जिले में रिसर्वे कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा है कि जब तक सुधार नहीं हो जाता है, तब तक पुराने खातियान और पंजी 2 से मिलान करके रसीद निर्गत की जाये। वहीं सरकार ने भी माना है कि लातेहार जिले में हाल सर्वे में 80 प्रतिशत त्रुटि हुई है, और जिले के अधिकारियों को रिसर्वे का आदेश भी दिया है, लेकिन जिले में संसाधन की कमी का हवाला देकर अब तक रिसर्वे कार्य को शुरू नहीं किया जा सका है। जिससे रैयतों में खून खराबे का माहौल उत्पन्न हो गया है।

### वनाधिकार पट्टा को लेकर डीएफओ ने वन समिति के लोगों के साथ की बैठक, कहा

# वन अधिकार पट्टा को लेकर ग्रामीणों में जानकारी के अभाव में जो मतभेद है उसे दूर करने की आवश्यकता

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** बक्सीडीपा स्थित वन परिसर में शुक्रवार को वन अधिकार पट्टा को लेकर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार की अगुवाई में वन समिति के लोगों के साथ बैठक हुई। इस दौरान वन अधिकार पट्टा के विषय में विशेष जानकारी डीएफओ के द्वारा समिति को लोगों को दिया गया। डीएफओ ने समिति के अध्यक्ष सचिव से कहा कि वन अधिकार पट्टा को लेकर ग्रामीणों में जानकारी के अभाव में जो मतभेद है उसे दूर करने की आवश्यकता है। सरकार और वन विभाग के समन्वय से भूमिहीन लोगों जो वन पर ही निर्भर रहते हैं उन्हें वन अधिकार पट्टा देकर आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित है। साथ ही साथ वन क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को आवास मुहैया करने संबंधी नियमों को भी जानकारी दी गयी। डीएफओ ने बताया कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 वन निवासी जनजातीय समुदायों और अन्य पारंपरिक वनवासियों के वन संसाधन संबंधी उन अधिकारों को मान्यता प्रदान करता है, जिन पर ये समुदाय विभिन्न प्रकार की जरूरतों के लिए निर्भर थे, जिनमें आजीविका, निवास और अन्य सामाजिक सांस्कृतिक आवश्यकताएं शामिल हैं। वही वन्य जीव संरक्षण के बारे में विशेष जानकारी देकर डीएफओ ने कहा कि वन्य जीव से ही हमारा जीवन संभव है। इसलिए वन्य जीव का संरक्षण करें। जंगल से कोई भी जंगली जानवर भटक कर शहर की ओर आता है तो उसे सुरक्षित वन विभाग की मदद से जंगलों में छोड़ दें। मौके पर रेंजर अरुण कुमार, फोरेस्टर जया उरांव, वनरक्षी मुकेशचंद्र प्रजापति, ऋषि कुमार सिंह, प्रदीप साहू, महावीर उरांव, पंकज सिंह, नवनीत कुमार, नवीन चौहान, प्रवीण भगत समेत 75 गांवों के वन समिति के अध्यक्ष सचिव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# खेल से अनुशासन और अनुशासन से बढ़ता है आपसी सौहार्द्र : एसपी

**कार्तिक उरांव जिला फुटबॉल लीग का समापन, हिरही इलेवन ने प्रतिभा केंद्र को 5-1 से किया पराजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित कार्तिक उरांव फुटबॉल लीग का समापन शुक्रवार को मिनी स्टेडियम में हो गया। मौके पर उपस्थित अतिथि डीसी बाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां का स्वागत जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष द्वारा किया गया। वहीं अतिथियों द्वारा खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। मैच से पूर्व फीफा झंडा के साथ खिलाडियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। मौके पर डीसी डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा की फीफा के नियमों की जानकारी के बाद ही जिले के फुटबॉल खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्पर्धाओं में हिस्सा ले सकते हैं। इससे खिलाड़ियो की प्रतिभा में निखार आयेगा और वे आगे प्रतियोगिता में अच्छा कर सकेंगे। एसपी हारिस बिन जमां ने कहा की फुटबॉल खेल टीम भावना का खेल होता है जो टीम अनुशासित होंगी वहीं मैच जीतता है। अनुशासन से खिलाडियों में कौशल का विकास होता है और कौशल विकास से ही खिलाडियों को लाभ होगा। खेल अनुशासन सिखाता है और अनुशासन से ही देश व समाज का विकास होता है। इधर फाइनल मैच में हिरही ने प्रतिभा केंद्र लोहरदगा को 5-1 से पराजित कर खिताब पर अपनी दावेदारी पेश की। मौके पर पूर्व विधायक सुखदेव भगत, जिला आयुष केंद्र के डी ए एम ओ डा साकेत कुमार, जिला सचिव जाहिद अहमद, कोषाध्यक्ष सत्यजीत सिंह, साजिद अहमद, कार्यकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप गुप्ता, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष रऊफ अंसारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना से सरसों बीज का वितरण

भंडरा (आजाद सिपाही )। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत भंडारा प्रखंड के 30 किसानों के बीच सरसों बीज का मिनी किट का वितरण एफ पीओ कार्यालय में किया गया। सरसों बीज का वितरण जिप सदस्य राजमणि उरांव, बीस सुत्री अध्यक्ष डोमना उरांव सहित कृषि विभाग और आत्मा के पदाधिकारी और कर्मियों के द्वारा किया गया।

## बरछिया में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 5 नवंबर से



बारियातू (आजाद सिपाही )। प्रखंड मुख्यालय के बरछिया (बटहेट) स्थित खेल मैदान में युथ क्लब बरछिया के द्वारा पांच दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट का शुभारंभ पांच नवेबर को किया जायेगा। जानकारी देते हुए अध्यक्ष जीतू उरांव, सचिव राजेश यादव व देवलाल उरांव ने बताया कि बारियातू थाना के समीप खेल मैदान में युथ क्लब बरछिया के द्वारा पांच दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ पांच नवेबर दिन रविवार को किया जायेगा। टुर्नामेंट के शुभारंभ में चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी डॉ अभिषेक कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमार, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया सरिता देवी,सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। इस टुर्नामेंट में मात्र 32 टीम भाग लेंगे। टुर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 20000 रू +खस्सी+ शिल्ड, द्वितीय 15000 रू खस्सी+शिल्ड, तृतीय 10000 रू खस्सी+शिल्ड, चतुर्थ 5000 रू खस्सी+शिल्ड देकर पुरूस्कृत किया जायेगा। टुर्नामेंट में भाग लेने वाले टीम को 1200 रू प्रवेश शुल्क जामा करना है और 7979887938 पर संपर्क कर इंट्री ले सकते हैं।

## नये मतदाताओं को जोड़ने में गति लायें: बीडीओ




भंडरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में तीन नवंबर को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा और सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने सीआरपी, बीआरपी के साथ बैठक कर स्कूलों में आवंटित फॉर्म 6 से संबंधित जानकारी ली। बीडीओ ने कहा कि निर्वाचन हेतू नये मतदाताओं को जोड़ने के उदेश्य से स्कूलों में प्री फील्ड फॉर्म 6 उपलब्ध कराया गया है। लेकिन स्कूलों से प्राप्त फॉर्म संतोषजनक नहीं हैं। संबंधित छात्र अगर स्कूल छोड़ अन्यत्र नामांकित करा लिया है। तो उसका डाटा स्कूल के पास पूर्व से ही मौजूद है। डाटा के आधार पर स्कूल के शिक्षकों से वैसे छात्रों का विवरणी दो दिनों में उपलब्ध कराने का निर्देश उन्होंने दिया। ताकि बीएलओ के माध्यम से वैसे छात्रों का फॉर्म 6 भराने का काम पूर्ण हो सके। बैठक में बीईईओ जयनाथ महतो, कल्याण पदाधिकारी नीता सरकार आदि उपस्थित थे।

## दीपावली का त्यौहार नजदीक, कुम्हार समाज पुस्तैनी कामो में दिखे व्यस्त



कैरो (आजाद सिपाही )। कैरो प्रखंड मुख्यालय ग्राम कैरो में दीपावली त्यौहार को लेकर कुम्हार समाज के कारीगरों ने दीया, ग्वालिन, कलश, गणेश, लक्ष्मी की मूर्ति और मिट्टी के दियानुमा खिलौना बच्चो को आकर्षित करने वाला विभिन्न प्रकार के समान बनाने में लगे हुए हैं कारीगर। दीपावली को देखते हुए कारीगर लक्ष्मण महतो और जोगिया महतो इन दिनों मिट्टी के दिया गणेश लक्ष्मी के मूर्ति बनाने में काफी व्यस्त हैं। कारीगर लक्ष्मण महतो अपने मिट्टी के काम के विषय पर कहते हैं घड़ा, सुराही, बर्तन, खपड़ा, खिलौना बनाना हमारे पूर्वजों के समय से चलता आ रहा है। आज हमारे परिवार मिट्टी के समान बना कर बाजार में बेच कर अपनी जीवन यापन करते हैं। बाजार के विषय पर पूछने से कहते हैं आज समय अत्याधुनिक हो गया हैं। जगह-जगह प्लास्टिक के बने समान सस्ते दर में उपलब्ध हो जाते हैं जिसके कारण लोग देशी वस्तुओं से दूर होते जा रहें हैं। बाजार में चाइनीज समान के चमक धमक ने लोगो को अपनी ओर आकर्षित किया। पिछले चार पांच वर्ष पूर्व मिट्टी से बने समानो का बिक्री काफी कम हो गया था परंतु देश में चारो ओर फैले गंदगी को देख लोग प्लास्टिक के सामानों का बहिष्कार कर मिट्टी से बने समान का इस्तिमाल करने लगे हैं जिससे आज पुनः बाजार में मिट्टी से बने समानों का बिक्री अच्छी है। गांव ही नही शहरो में भी लोग अब मिट्टी से बने दीया का अधिक से अधिक उपयोग करने लगे हैं।

## बनवारी साहू महाविद्यालय में बच्चों के बीच टीबी रोग से बचाव के लिए जानकारी दी गयी



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जिले के बनवारी साहू महाविद्यालय में यक्ष्मा पदाधिकारी लातेहार के दिशानिर्देशानुसार बच्चो को टीबी बीमारी संबंधित जागरूक किया गया। साथ ही सभी बच्चो को टीबी रोग के बारे में बताया गया कि टीबी बीमारी किस तरह लोगो को संक्रमण करता हैं। इससे किस तरह बचे इन सभी बातो को डीपीसी और पिरामल स्वास्थ्य के कर्मियो के द्वारा जागरूक किया गया। साथ ही उससे कैसे बचा जा सकता और कहां जांच कराये और कहां से इसकी दवायी कराये। आज के कार्यक्रम में जिले से टीबी विभाग के डीपीसी निशांत कुमार, पीपीएमसी कोऑर्डिनेटर इशांत, एसटीएस अनुप मिंज और पिरामल स्वास्थ्य की तरफ से सोमेन साहू, मोहमद साबिर अंसारी, पवन मिश्रा और स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी और सभी अध्यापक उपस्थित थे।

## नेतरहाट विद्यालय में भारत स्काउट गाइड और गाइड झारखंड राज्य ने बेसिक एडवांस्ड कोर्स का आयोजन किया गया



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार भारत स्काउट और गाइड झारखंड राज्य के द्वारा राज्य स्तरीय बेसिक और एडवांस कोर्स का आयोजन नेतरहाट आवासीय विद्यालय में आज शाम को रात्रि में ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आये 85 स्काउट और गाइड ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेतरहाट आवासीय विद्यालय के सम्मानित प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान और विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सचिव सम्मानित डॉ मोहन सिंह, राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) आशा बागे इस शिविर के प्रधान राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) सम्मानित अमोद सिंह के द्वारा ग्रैंड कैंप फायर में आग प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

# जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षात्मक समिति की बैठक, डीसी ने दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति व जिला स्तरीय समीक्षात्मक समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने बैंकवार हुए कार्यों की समीक्षा कर लक्ष्य के अनरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।



## बैंक धारकों को सरकार के विभिन्न बीमा योजना से खुद को जोड़ने की उपायुक्त ने की अपील

मौके पर उपायुक्त ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी से लोगो को अवगत कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिले के बैंक धारकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विशेष बीमा योजनाओं से जुड़ कर अपने और अपने परिवार जनों को सुरक्षित करने की अपील की।

## डीसी ने ली योजना की जानकारी

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 सितंबर तिमाही तक जिले का CD rÔtio 30.97% रहा जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष 2022- 23 की तुलना में 1.1% की वृद्धि हुई।

बैठक में एलडीएम द्वारा आगे की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 सितंबर तिमाही तक एनुअल क्रेडिट प्लान (ACP) अंतर्गत ऋण वितरण की कुल उपलब्धि 43.26% रही जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 18.81 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। ACP के अंतर्गत कृषि क्षेत्र में कुल उपलब्धि 31.42%, एमएसएमई में 78.41%, प्रायरिटी सेक्टर में उपलब्धि 45.55% रही। केसीसी अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के समाप्त सितंबर तिमाही के पश्चात जिले में कुल 3979 लाख का केसीसी वितरण किया गया है जो कि निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 17.54 प्रतिशत है। पिछले तिमाही की तुलना में समाप्त सितंबर तिमाही तक 10.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस वित्तीय वर्ष सितंबर तिमाही तक जिले में कुल 923 एसएचजी समूह का बचत खाता खोला गया और 1274 समूह का क्रेडिट लिंकेज किया गया है।पीएमईजीप अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में कुल 186 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक बैंकों द्वारा 36 लाभुकों को ऋण प्रदान किया गया है और पीएमएफएमई अंतर्गत कुल 11 लाभुको का ऋण स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार प्रधान मंत्री मुद्रा लोन के अंतर्गत 2789 व्यवसायों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। वहीं RSETI द्वारा इस वित्तीय वर्ष सितंबर तिमाही तक कुल 9 प्रशिक्षुओं को उनके स्वरोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया गया है। और 129 अन्य प्रशिक्षुओं का ऋण हेतु आवेदन बैंक के स्तर से लंबित है।

## लघु उद्यमियों को बढ़ावा देने हेतु बैंकर्स को विशेष ध्यान देने का निर्देशः उपायुक्त

बैठक में उपायुक्त ने जिले के लघु उद्यमियों को बढ़ावा देने हेतु संबंधित अधिकारी एवं बैंकर्स को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए लघु उद्यमियों की सहायता करने की बात कही। उन्होंने जिला उद्यमी समन्वयक, डीपीएम JSLP को विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत संचालित सभी FPO को बैंक से टैग करते हुए PMFME योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधक को PMEGP /PMFME योजना के तहत बेरोजगार युवक/युवतियों को ऋण उपलब्ध कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करने की बात कही। PMFME योजना। में जिले का स्थान सबसे निचले स्तर पर है जिसे देखते हुए उपायुक्त ने बैंक शाखा प्रबंधकों को दीपावली से पूर्व दो-दो आवेदकों का ऋण स्वीकृत/भुगतान करने का कड़ा निर्देश दिया गया।

केसीसी ऋण की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप किसानों को केसीसी का लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने किसानों को उनके खेती के समय को देखते हुए ससमय ऋण उपलब्ध कराने को कहा उन्होंने कहा कि खेती के समय ही किसानों को ऋण की आवश्यकता होती है, बैंकों की लापरवाही और देर करने के कारण किसानों को सही समय पर ऋण नहीं मिल पाने के कारण उनके उत्पादन क्षमता में असर पड़ता है। उपायुक्त ने बैंक कर्मियों को इस संबंध में कड़ा निर्देश दिया कि किसानों को बार बार बैंक का चक्कर ना लगाना पड़े, और उन्हे आसान प्रक्रिया से ऋण उपलब्ध कराएं।

## मौके पर उपस्थिति

बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, एलडीएम गुमला , जीएम डीआईसी, जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला उद्यमी समन्वयक जिले के कई बैंकों के शाखा प्रबंधक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन

स्वास्थ्य शिविर में 500 लोगो का किया गया शुगर टेस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने फीता काटकर की। वहीं मौजूद लोगों संबोधित करते मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का संचार होता है और विज्ञान में अधिक रुचि बढ़ती है। जिससे आविष्कार करने की प्रेरणा मिलती है।

छात्र-छात्राये नित नये सोच के साथ इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते रहेंगे। इस प्रदर्शनी में कुल 248 मॉडल प्रस्तुत किया गया। जिसमें वॉइस कंट्रोल्ड होम ऑटोमेशन, मोबाइल कंट्रोल्ड होम ऑटोमेशन, ट्रैफिक सिस्टम, वॉल्यूम बेस्ड ट्रैफिक सिस्टम, वायरलेस टेक्नोलॉजी, सर्विलांस बोट लाइट हॉउस, वाटर हार्वेस्टिंग, इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड, मोटर बोट, वैक्यूम क्लीनर, फायर अलार्म, फैन हाउस, मॉर्निंग अलार्म, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, वाटर लेवल इंडिकेटर, लेजर सिक्योरटी सिस्टम, आटोमेटिक ट्रैफिक लाइट, वाटर प्यूरीफायर, वाटर फ्लो अलार्म, सोलर कार, सोलर एनर्जी पावर प्लांट, होम रेमेडीज, लाइट डिवाइस विथ मैगनेट, सिगरेट एंड इट्स इफेक्ट न लंग्स, सुसपेंशन ब्रिज, भूकंप अलार्म, साइक्लोनिक वैक्यूम क्लीनर, पॉल्युशन अब्जॉर्बिंग ट्री, हैड्रोलिक क्रेन, पॉल्युशन फ्री बाइक, स्पाई गन, विंड मिल, एटीएम, हैड्रोलिक लिफ्टर, स्मार्ट सोलर सिटी, एक्वा फार्मिंग, एमएलडी एंड स्पीड इंडिकेटर, लाई फाइ, कलैप हैंड बल्ब, मृदा अपरदन, होम सिक्योरिटी सिस्टम, डीएनए आइसोलेशन, चंद्रयान 3, स्मोक आब्जर्बर, आटोमेटिक वाटर पंप आदि मॉडल प्रस्तुत किया गया। पांचवी वर्ग के छात्राओं ने बॉर्डर सिक्योरिटी के लिए रोबोट बना कर अपना रोबोटिक्स में दबदबा दिखाया। उन्होंने यह बताया कि किस तरह से मानव रहित हम अपने सीमा की सुरक्षा कर सकते है। जरूरत पड़ने पर यह रोबोट गोली और हैंड ग्रनेड जैसे घातक हथियार को भी चला सकते हैं। क्लास सिक्स के विद्यार्थियों ने रॉकेट और मिसाइल लांचर, जीरो ग्रेविटी, को दिखाया और बताया कि किस तरह से हम गुरुत्वाकर्षण को जीरो कर सकते है और उसका उपयोग हम विज्ञान में कर सकते है। कक्षा 6 की संज्ञा गुप्ता ने स्मार्ट बल्ब बनाया जिसे मोबाइल से कंट्रोल किया जा सकता है। क्लास 7 की छात्रा कोमल ने सोलर रोबोट बनाया, जिससे मानवीय भूल और ईंधन का बचत हो सके और उनसे जुड़ी कई जानकारियां लोगो को उपलब्ध कराई और उनसे होने वाले फायदे को भी बताया। फोर क्लास के छात्रों ने मैकेनिकल हैंड बना कर यह दिखा दिया कि किस तरह से हाथ काट जाने पर भी हम कृत्रिम हाथ बना सकते है और उसका उपयोग कर सकते है। तीसरी क्लास के स्टूडेंट्स के द्वारा बनाया गया स्मार्ट डिवाइस जो वैदिक मंत्रों की फ्रीक्वेंसी बताता है और उन्होंने बताया कि हमारी सनातन सभ्यता कितनी महान है।

## छात्रों ने रोबोटिक्स में दिखाया अपना दम



## इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर, प्रकाश पांडेय, शिवम मिश्र, सिद्धार्थ दीक्षित, रुचिका कुमारी, निशा कुमारी, रीता देवी, नेहा साहू, सोनी कुमारी, सारिका साहू, किरण कुमारी, संध्या कच्छप, प्रियंका कुमारी, सुभद्रा देवी, फुलेश्वरी सिंह, सपना कुमारी, आशा टोप्पो और विद्यार्थियों उपस्थित थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया विजिलेंस अवेयरनेस वीक

शिक्षिका ने सभी को एकता की शपथ दिलायी। 2000 विद्यार्थियों ने शपथ ली।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में विजिलेंस अवेयरनेस वीक मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मनाया जायेगा। प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहु ने कहा है कि हमारे देश की आर्थिक राजनीतिक और सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार बहुत बड़ी बाधा है। इसलिए हमें भ्रष्टाचार को दूर करने की शपथ लेनी चाहिए और ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानदंडों को अपनाना चाहिए.इसी कड़ी में आज वंदना सभा में सभी विद्यार्थियों ने इंटिग्रेटेड प्लेज लिया। शिक्षिका संजुक्ता खटुआ ने सभी को एकता की शपथ दिलायी। लगभग 2000 विद्यार्थियों ने शपथ ली। साथ ही नो करप्शन एवं इलइफेक्टस ऑफ करप्शन विषय पर पोस्टर मेकिंग और कार्टून मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी।

जिसमें कक्षा नवम से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।



## लाभुको के बीच खाद्य समाग्री का वितरण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुरिअंबा पंचायत के तुरीअंबा गांव के 29 लाभुको के बीच राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत सरसों बीज का मिनी किट 2 किलोग्राम प्रति किसान को प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में निशुल्क वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार, बी टी एम श्रीमती शशिसम्मा खलखो, एटीएम अंकित झा, कृषक मित्र एवं किसान उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति के बीमा धारक के आश्रित को मिला 2 लाख रुपये का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह के जीवन महिला मंडल, सुरसांग से जुड़ी एक महिला ब्यूटी एक्का की मृत्यु के पश्चात उनके आश्रित पुत्र को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभ के तहत 2 लाख रुपए की नकद राशि दी गयी। स्व ब्यूटी एक्का जेएसएलपीएस की महिला मंडली से जुड़ कर कार्य करती थी जहां से उन्हें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के विषय में जानकारी मिली । जिसके तहत स्व ब्यूटी एक्का ने अपना और अपने परिवार जनों का बीमा करवाया। और उनकी मृत्यु के पश्चात उनके आश्रित पुत्र ( नॉमिनी) उत्तम एक्का को बीमा योजना के लाभ के तहत 2 लाख रुपए की राशि बैंक के द्वारा दी गयी। बता दें कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ कोई भी 18 से 50 वर्ष के आयु वाले बैंक धारक ले सकते हैं जिसके तहत किसी भी कारण से बीमा धारी की मृत्यु के मामले में उनके आश्रित को (नॉमिनी को) रू 2 लाख का एक मुश्त राशि बैंक के द्वारा प्रदान की जायेगी। इस योजना के तहत बीमा धारी का प्रति वर्ष 436/- रुपए प्रीमियम का बीमा किया जायेगा। बीमा प्रीमियम खाताधारक के खाते से ऑटो डेबिट कर दिया जायेगा। जिला प्रशासन ने सभी बैंक धारकों से अपील की है कि वे अपना और अपने परिवार का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा जरूर कराएं।



## भ्रष्टाचार मुक्त भारत शीर्षक पर हुई निबंध प्रतियोगिता

# 12 वीं कक्षा की खुशी ने जीते प्रथम पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड ग्रामीण बैंक द्वारा आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत ' भ्रष्टाचार मुक्त भारत' निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की खुशी कुमारी को प्रथम स्थान, 10वीं की सुमन कुमारी को द्वितीय, प्रियांशु कुमार को तृतीय स्थान, कक्षा नवम के श्याम कुमार को चतुर्थ तथा अशोक कुमार को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ। विजेता प्रतिभागियों को वंदना सभा में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक धनंजय कुमार सिंह, वरीय प्रबंधक प्रशासक भोले दानी, वरीय प्रबंधक कुमार अभिषेक, प्रबंधक अभिजीत मुखर्जी सहायक प्रबंधक हेमंत कुमार प्रधान के द्वारा पुरस्कृत किया गया। अपने उद्बोधन में धनंजय कुमार सिंह ने प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके वंदना सभा और अनुशासन को को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि आप भ्रष्टाचार मुक्त भारत को बनाने के एक सच्चे सिपाही की भूमिका अदा कर सकते हैं। आप एक दीपक की भांति है जो भारत के कोने कोने में जाकर अपने लौ से भारत को आलोकित करेंगे। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में विद्यालय के सभी भैया बहनों ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में विजेता भैया बहनों ने भी भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन आचार्य योगेंद्र कुमार के द्वारा किया गया।



## पेंशनधारी अपने जीवन प्रमाण पत्र को करें ऑनलाइन सबमिटः द्वारिका

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला पेंशनर समाज के प्रवक्ता सह .मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र सुमन ने जिले के सभी स्तर के पेंशनधारियों, पारिवारिक पेंशनधारियों से तीस नंवबर तक आवश्यक रुप से जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन सबमिट करते हुए हार्ड कॉपी की एक प्रति संबंधित बैंक की शाखा में समर्पित करने की अपील की। गौरतलब है कि सभी स्तर के पेंशनधारकों को प्रत्येक वर्ष एक से तीस नंवबर तक जीवन प्रमाण पत्र सबमिट करने की बाध्यता होती है। अन्यथा पेंशन के भुगतान में अवरोध उत्पन्न हो जाता है।

## रायडीह थाना क्षेत्र से लापता व्यक्ति का 13 दिन बाद मिला शव, पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सीलम बरटोली निवासी प्रभु उरांव पिछले 13 दिनों से लापता था। मामले को लेकर मृतक की पत्नी लोहराइन देवी ने रायडीह थाना में 21 अक्टूबर को पति के लापता होने की प्राथमिक की दर्ज कराई थी। वही अपने स्तर से परिवार के लोग ढूंढने में लगे थे। शुक्रवार को गांव में बैठकर गांव वाले एकजुट होकर लापता व्यक्ति को खोजने के लिए क्षेत्र के चप्पे चप्पे में फैल गए। इसके बाद जोराग टुकु डांड में उन्हें बदबू आने लगी। नजदीक जाकर देखने पर धान के खेत में लापता व्यक्ति का शव दिखाई दिया। वह मुंह के बाल पानी में गिरा पड़ा था। वही उसके हाथ में एक टॉर्च भी था। घटना की जानकारी रायडीह थाना को दी गई। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। जहां शव पोस्टमार्टम कर शुक्रवार की देर शाम परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं परिजनों ने बताया 20 अक्टूबर को परिवार के सभी लोग अपने भाई पुने उरांव के गांव सिलम हाडा टोली करम पर मनाने गए थे। वहां से सभी शाम को पुराने घर आए तथा सभी कोई खाना खाकर रात 8 :00 बजे सोने चले गए वहीं मृतक नए घर में सोने के लिए चला गया। अगले दिन सुबह जब पत्नी नए घर में गई तो पति घर में नहीं था और ताला लगा हुआ था ।इसके बाद रायडीह थाना पहुंचकर पति के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## कुत्ते ने दो लोगों को काटा, अस्पताल मे भर्ती

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में पागल कुत्ते ने दो लोगों को काटा। गुरुवार की देर शाम एक पागल कुत्ता शहर में कई लोगों को काटने के बाद पालकोट रोड से होकर सरना टोली पहुंचा जहां सरना टोली निवासी अशोक सिंह के पैर को काटकर लहू लुहान कर दिया किसी तरह अशोक उसके चंगुल से छुट कर भागा और सदर अस्पताल पहुंचा।

वही पागल कुत्ता तर्री ढोढरी टोली में सरिता देवी घर के सामने अखाड़ा के समीप खड़ी थी तभी अचानक पागल कुत्ता उसके पैर को काट लिया इसके बाद लोगों ने उसे खदेड़ा और घायल महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया वहीं पागल कुत्ता अभी तर्री क्षेत्र में विचरण कर रहा है।

## अमृता देवी की पत्थर से कूचकर हत्या

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत लोवकेरा चरकाटांगर में एक लगभग 40 वर्षीय महिला अमृता देवी का पत्थर कूचकर हत्या कर दी गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार 1 नवंबर बुधवार को मृतिका के पति इंदर लोहरा पालकोट थाना अंतर्गत चटकपुर पहाडटोली मेहमान गया था और दूसरे दिन गुरुवार 2 नवबंर को इंदर का बेटा चामु लोहरा और बहू मडुआ काटने खेत गये थे जबकि मृतिका घर के बरामदे में सोई हुई थी। चामु और उसकी पत्नी जब शाम को 6 बजे खेत से लौटे तो देखा कि किसी ने उसकी मां की हत्या उसके सर को पत्थर से कुचकर कर दिया है जिसके बाद चामु ने इसकी सूचना पालकोट मेहमान गये अपने पिता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि को दिया। जनप्रतिनिधि द्वारा बसिया पुलिस को सूचना देने के पश्चात बसिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसका पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौप दिया। बसिया द्वारा हत्या के कारणों की गहन जांच की जा रही है और कुछ लोगो से कड़ी पूछताछ भी कर रही है ।लोगो ने आशंका व्यक्त किया है कि यह हत्या आपसी रंजिश या अंधविश्वास के कारण हो सकता है।

## कर्ज चुकाओ सुकून बढ़ाओ शिविर का आयोजन होगा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया कोनबीर भागीडेरा शाखा द्वारा आगामी 9 नवंबर दिन गुरुवार को कर्ज चुकाओ सुकून बढ़ाओ शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक जयकिशन गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में एनपीए खाता धारकों का लोन समायोजन यानी समझौता किया जायेगा ।इसके साथ ही खाता धारक शिविर में अपने ऋण से संबंधित जानकारी भी प्राप्त कर सकते है। शाखा प्रबंधक जयकिशन गुप्ता ने सभी लोगो से इस ऋण शिविर का लाभ उठाने का अपील किया है। यह शिविर शाखा परिसर कोनबीर भागीडेरा में आयोजित किया जायेगा।

## कार्तिक उरांव स्मृति जतरा और खेलकूद कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यपाल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** स्वर्गीय कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य तिंबू उरांव ने बताया कि कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेल कूद कार्यक्रम में 17 नवंबर को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का आना तय हुआ है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि फुटबॉल मैच का शुभारंभ 6 नवंबर से किया जायेगा, इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रबुद्ध जनों की बैठक भी 6 नवंबर को कार्यक्रम स्थल पर बुलाई गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि जितने भी खोड़हा दल है वो मेला समिति से संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा ले। जतरा में दुकान लगाने को लेकर समिति के द्वारा नियम बनाया गया है सभी दुकानदार जतरा समिति से मिले और समिति के द्वारा जो भी गाइडलाइन दिया जायेगा उसका सभी पालन करे।

## चार सोलर प्लेट की चोरी, प्राथमिक दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मुरुम सोकरा में चार सोलर प्लेट की चोरी हो गयी है। मामले को लेकर गांव के ही सुकृत उरांव ने गुमला थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि गांव में ए भी आई अप्लायंसेस प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा जेएसएलपीएस के माध्यम से मुरुम सोकरा नदी के पास लिफ्ट इरीगेशन लगा है। वहां 24 अक्टूबर की रात को 16 प्लेट में से 4 सोलर प्लेट का चोरी हो गया है। अपने स्तर से काफी ढूंढने का प्रयास किया गया लेकिन प्लेट व चोरों का पता नहीं चला। इसके बाद कोषाध्यक्ष मंजू, मिनी सहित अन्य महिलाओं ने गुमला थाना पहुंचकर मामले को लेकर प्राथमिक की दर्ज कराई है।

## एसडीपीओ ने क्राइम मीटिंग को लेकर सभी प्रखंडों के पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सभी प्रखंडों के थाना प्रभारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ क्राइम समीक्षा को लेकर बैठक की। बैठक में गुमला, रायडीह, डुमरी, चैनपुर, कुरूमगढ़, घाघरा, भरनो, सिसई, पूसो, करंज, बिशनपुर, गुरदरी,बसिया, कामडारा सहित सभी प्रखंडों के थाना प्रभारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर क्राइम से संबंधित जानकारी हासिल की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डकैती, लूट, बलात्कार, चोरी, नशाखोरी, जुआ, बाल तस्करी, डायन बिसाही, अंधविश्वास, तस्करी सहित अपराध के सभी बिंदुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया। वहीं सभी थानेदारों को उपरोक्त विषय से संबंधित मामले को लेकर सक्रिय रहने का निर्देश दिया। वहीं आगामी पर्व को लेकर जिले सहित सभी प्रखंडों में पुलिस को सतर्क रहने का निर्देश दिया और नियमित गश्ती वाहन से क्षेत्र में पेट्रोलिंग करने की भी बात कही।

**चेतावनी :** कतरास बाजार से होकर गुजरने वाले वाहनों से टैक्स वसूली के विरोध में शुरू हुई आर-पार की लड़ाई

# बंद हो वाहनों से अवैध वसूली : गजेंद्र

### गुहीबांध बस स्टैंड से मस्जिद पट्टी होकर सब्जी पट्टी तक निकली रैली

आजाद सिपाही संवाददाता


वाहनों से अवैध वसूली का आरोप लगा गोलबंद होकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते विभिन्न दलों के लोग।

**कतरास।** जनहित मामले में मुखर व हाई कोर्ट के अधिवक्ता गजेंद्र की अगुवाई में शुक्रवार को गुहीबांध बस स्टैंड से मस्जिद पट्टी होते हुए सब्जी पट्टी तक रैली निकाली गयी। जिसमें सभी दलों के लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए एक स्वर में नगर प्रशासक के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ता ने कहा कि गुहि बांध मस्जिद, एलआईसी आफिस, कतरास हटिया और लिलोरी मंदिर के सामने लंबे समय से निगम के फर्जी पर्ची के सहारे हर वाहनों से जबरन टैक्स वसूला जा रहा है। प्रतिदिन सड़क पर चलने वाले टोटो-टेंपो से 50 हजार रुपया से ऊपर की अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर नगर प्रशासक ने तुरंत वसूली को बंद नहीं कराया तो वे नगर प्रशासक के खिलाफ कतरास थाने में केस दर्ज करेंगे। जरुरत पड़ी तो उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटायेंगें। कहा कि अगर आज के बाद इस मामले को बंद नहीं किया गया तो कतरास थानेदार की भूमिका भी स्पष्ट हो जाएगी की वो भी इस लूट के हिस्सेदार हैं या नहीं। क्योंकि मामला अब सार्वजनिक हो चुका हैं। इस मौके पर झामुमो के रितिक सिंह, रौनक सिन्हा, आजसू के ज़िला सांसद प्रतिनिधि रामाशंकर तिवारी, भाजपा के सूर्यदेव मिश्रा, आनंद यादव, निलेश सिंह मनिंद्र प्रताप कामो, डब्ल्यू, रितेश सिंह आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, झामुमो के बाघमारा प्रखंड कोषाध्यक्ष आमीर नासिर खान की अध्यक्षता में ठेकेदार बमबम पाठक ने गुहि बांध में प्रेस वार्ता कर बताया कि अधिवक्ता गजेंद्र यादव के बयान व आरोप झूठे और बेबुनियादी है। बस पड़ाव में कोई रंगदारी नहीं वसूली जा रही है। उनकी छवि को धुमिल करने के लिए दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टोल टैक्स 1992 से लगातार इन जगहों पर लिया जा रहा है जिसका संचालन मैं भी करता हूं। झामुमो सरकार को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। इन लोगों पर मामला दर्ज कराया जाएगा।

# रागिनी सिंह पर आस्था जताते हुए कई लोगों ने थामा जश्रसं का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के केंद्रीय सचिव सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में दर्जन लोग शुक्रवार को संगठन की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह में आस्था व्यक्त कर जश्रसं में शामिल हुए। इस बाबत कतरास में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जश्रसं की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह शामिल थीं। कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। वहीं, रागिनी सिंह ने संगठन में शामिल होने वाले लोगों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर अभिषेक सिन्हा और समीर पांडेय आदि मौजूद थे।

## छह दिवसीय उर्स मुबारक का समापन



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद ईदगाह के समीप चल रहे कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा का छह दिवसीय उर्स मुबारक गुरुवार की देर शाम कुलशरीफ के साथ संपन्न हो गया। बाबा से देश के लिए अमन सलामती खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई। पांच नंबर जामा मस्जिद के इमाम अलहाज जनाब गुलाम रसूल ने कहा कि बाबा की करामात ही है कि जो इनके दरबार पर आते हैं और श्रद्धा से जो भी मांगते हैं वह पूरी हो जाती है। मदरसा अल जामेअतुल कादरिया अजीजूल उलूम के मोहतमिम हाफिज गुलाम रजा ने कहा कि वली जिंदा होते हैं उन्हें मुर्दा न कहो। हम कब्रिस्तान आते हैं तो हमलोग सलाम करते हैं मुर्दे भी सलाम का जवाब देते हैं। उसी तरह वली के दरबार से जो भी मन्नतें मांगी जाती है वह जरूर पूरी हो जाती हैं। मौलाना इरफानुल कादरी ने कहा कि वली का एक नजर हो जाए तो जिंदगी संवर जाएगी। हाफिज सज्जाद, रजा हाफिज, अब्दुल कबीर और मौलाना मुख्तार साहब आदि उल्लेमाओं ने बाबा की शान में तकरीरें की। कमेटी के अध्यक्ष मो इम्तियाज अहमद, महामंत्री मो असलम मंसूरी ने शांतिपूर्ण ढंग से उर्स मेला के संपन्न होने पर प्रशासन सहित सभी संप्रदाय के लोगों को बधाई दी। इस मौके पर हाजी अब्दुल रउफ, नईमउद्दीन, अयूबी गुलाम जिलानी आदि उपस्थित थे।

## उपलब्धि जांच परीक्षा का आयोजन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची के तत्वाधान में राज्य परियोजना निदेशक के आदेशानुसार एग्यारकुंड प्रखंड के 30 चयनित विद्यालयों में कक्षा तीन, छह व 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों का स्टेट एजुकेशन उपलब्धि सर्वे 2023 के तहत मानक संचालन प्रक्रिया शुक्रवार को ली गयी। निरसा-3 स्थित एग्यारकुड मध्य विद्यालय में कक्षा तीन के अध्ययनरत 30 छात्र-छात्राओं का उपलब्धि जांच परीक्षा ली गई। फिल्ड निरीक्षक रीमा महतो ने बताया कि छात्राओं की उपलब्धि जांच ओएमआर शीट पर लिया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पवन कुमार महतो द्वारा जांच परीक्षा का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि नियम के अनुकूल विद्यालय में जांच परीक्षा संचालित हो रही है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने बताया कि शिक्षा प्रणाली की दक्षता के संकेतक के रूप में बच्चों की प्रगति और सीखने की दक्षता का मूल्यांकन करना है, ताकि विभिन्न स्तर पर उपचारात्मक कार्यों के लिए उचित कदम उठाया जा सके। इस निमित्त विद्यालय के बच्चों की जांच परीक्षा ली जा रही है।

## नगर आयुक्त ने किया छठ तालाब का निरीक्षण



**धनसार (आजाद सिपाही)।** वार्ड नंबर 34 अंतर्गत विक्ट्री छठ तालाब का शुक्रवार को नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने छठ तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर स्थिति का जायजा लिया। बतातें चलें कि स्थानीय पार्षद गौरी देवी ने पूर्व नगर आयुक्त को पत्र देकर तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर चारों ओर लाइट लगाने व सफाई करने की मांग की थी। बावजूद इसके नगर निगम की ओर से सुधी नहीं ली गई। अंत में पार्षद ने इस तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा था। इसके बाद नए नगर आयुक्त इस मामले की सुधि लेते हुए विक्ट्री छठ तालाब का निरिक्षण करने पहुंचे। इधर, छठ पूजा समिति के लोगों ने तालाब का गंदा पानी निकालकर पीटवाटर डाल रहे है, ताकि छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो। वहीं, गंदा पानी निकालने के बाद नगर निगम कर्मियों द्वारा कादा और कचरा निकालकर सफाई की गई।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गोमिया में गंगा उत्सव पर निकाली गयी प्रभातफेरी




**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड प्रशासन की ओर से नमामि गंगे के तहत आगामी 8 नवंबर तक गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को गोमिया प्लस टू उच्च विद्यालय, नेहरु उच्च विद्यालय और मॉडर्न उच्च विद्यालय के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की ओर से गोमिया पोस्ट ऑफिस मोड़ से स्वांग तक प्रभात फेरी निकाली गई। बीडीओ महादेव कुमार महतो व सीओ प्रदीप कुमार महतो के नेतृत्व में प्रखंड सह अंचल कर्मियों, शिक्षकों और जन प्रतिनिधियों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित हुआ। बीडीओ ने बताया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 8 नवंबर तक चलाया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को अपने समाज और देश के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से मां गंगा के प्रति लोगों में आस्था जागृत करने, जल संरक्षण, गंदगी रोकने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय नदियों की साफ-सफाई विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता भी कराई जा रही है। इस मौके पर रोजगार सेवक बिनी कुमार गुरु, राजू शाह, शंभू लाल आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में सतर्कता जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील प्लांट के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कांफ्रेंस रूम में शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी, बीजीएच डॉ विभूति भूषण करुणामय और मुख्य महा प्रबंधक एवं एसीवीओ अरुण कुमार ने की। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के वरीय डॉक्टर्स के साथ कुल 26 प्रतिभागी शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य महा प्रबंधक एवं एसीवीओ ॉअरुण कुमार द्वारा एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सतर्कता के दृष्टिकोण पर कुछ केस ब्रीफ के उदाहरण के साथ किया गया। इस दौरान कार्य स्थल पर सतर्कता के बारे में प्रतिभागियों द्वारा बहुत ही प्रभावी सुझाव दिए गए।

# जिला परिवहन पदाधिकारी की कार्रवाई, 35 वाहनों से वसूला गया तीन लाख जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिले में दूसरे राज्यों से बिना परमिट के आने वाले वाहनों पर शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई। बोकारो थर्मल के विभिन्न चौक-चौराहो पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर की अगुवाई में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बीटीपीएस मोड़ पर जांच के दौरान बिना मानक के चलाने वाले करीब 35 वाहनों को पकड़ कर उनसे करीब तीन लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान बोकारो डीटीओ ने बताया कि मुख्य सड़क पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। बिना मानक के वाहन चलाने वाले चालकों पर आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों से बिना परमिट के आने वाले वाहनों के खिलाफ जिले में लगातार जांच अभियान जारी रहेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने बताया कि सड़क सुरक्षा के तहत शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर विशेष जांच अभियान के तहत छोटे व बड़े वाहनों के सभी तरह के पेपर, हैलमेट, पॉल्यूशन, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस पेपर, व्यवसायिक वाहनों का परमिट एवं सीट बेल्ट की जांच की गई। इस दौरान बीटीपीएस मोड़ पर बिना मानक के वाहन चलाने वाले चालको को सबक सिखाते हुए उनपर आर्थिक जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यवसायिक वाहन बिना परमिट का वाहन परिचालन किया जाता है तो वह मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 192(अ) का उल्लंघन करता है। इसके लिए वाहन मालिकों को परमिट लेना आवश्यक है। जबकि मोटर वाहन अधिनियम के तहत बिना परमिट वाहन चलाना गैरकानूनी भी है।

## खबर प्रकाशन के बाद मुखिया ने भी अवैध नमक फैक्ट्री पर जतायी आपत्ति

### अवैध कारोबार को अविलंब बंद करने को लेकर धनबाद के डीसी को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** अवैध नमक फैक्ट्री को लेकर आजाद सिपाही में खबर प्रकाशित होने के बाद अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, कपुरिया पंचायत में संचालित काला नमक बनाने वाले अवैध कारोबार पर मुखिया व ग्रामीणों ने भी विरोध जताते हुए धनबाद के डीसी को पत्र लिखा है। उसमें पंचायत क्षेत्र में संचालित सभी अवैध काला नमक की फैक्टि3यों को अतिशीघ्र बंद कराने की मांग की गयी है। मुखिया ममता देवी ने डीसी समेत प्रदूषण विभाग, एसडीओ एवं सीओ को शिकायत पत्र की प्रति देते शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। मुखिया ने प्रेषित पत्र में बताया है कि काला नमक कारखाने का संचालक पंचायत क्षेत्र में कई वर्षों से अवैध तरीके से किया जा रहा है। जिस स्थान पर फैक्ट्री लगाई गई है उसके आसपास घनी आबादी वाले दर्जनों गांव एवं स्कूले हैं। इससे ग्रामिणों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों की खेती योग्य भूमि बर्बाद हो रही है। वहीं, पर्यावरण को भी प्रदूषित किया जा रहा है।

## मृतक के परिजनों को मिला तीन लाख रुपये और सरकारी सुविधाएं



**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)। जरीडीह थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात कसमार के जामकुदर निवासी प्रफुल्ल महतो और भोजुहरि साव की कल्याणपुर स्थित मुख्य सड़क पर खड़ी डंफर में बाइक टकराने से मौत हो गयी थी। इस बाबद शुक्रवार को जरीडीह थाना में डंफर मालिक के साथ वार्ता के बाद तीन लाख रुपए सहयोग राशि के साथ ही सरकारी लाभ दिलाने पर सहमती बनी। वार्ता में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, देवेंद्र नाथ नायक, अजय सिंह आदि मौजूद थे।**

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(जिला शस्त्र शाखा)**

**-:: सूचना ::-**

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि वर्ष–2023 में दीपावली पर्व के अवसर पर खुले मैदान में अस्थायी पटाखा अनुज्ञप्ति के इच्छुक व्यक्ति द्वारा दिनांक–02.11.2023 से दिनांक–07.11.2023 तक विहित प्रपत्र (AE-5) में आवेदन, 02 (दो) स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, मो०–500/–रु० अनुज्ञप्ति शुल्क का चालान, पहचान–पत्र, शपथ–पत्र विहित प्रपत्र के साथ पूर्ण आवेदन जिला शस्त्र शाखा, रामगढ़ को जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

ह०/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़

PR 310528 District(23-24)#D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 23 वर्ष 2023–24

पत्रांक :– ............ /
गुमला, दिनांक :– .... / ..... / 2023.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विक्री की तिथि :– 08.11.2023 से 09.11.2023 को (3:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 10.11.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 10.11..2023 को 3:30 बजे अपराह्न
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्रखंड | योजना मद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा दाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Kitchen Shed at Residential School Block- Chainpur Dist.- Gumla | चैनपुर | ITDA | 6,05,700.00 | 12200.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 2 | Construction of Kitchen Shed at PTG Residential Boys Primary School, Maheshpur Block- Chainpur Dist.- Gumla | चैनपुर | ITDA | 6,05,700.00 | 12200.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 3 | Repair of Toilet at Adiwasi Boys High School Nawdiha Block- Ghaghra Dist.- Gumla | घाघरा | DMFT | 5,68,200.00 | 11400.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |

निविदा की शर्ते :– 1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्धृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकधर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. जो निम्न है:– 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा।
10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 310525 Minor Irrigation (23-24)_D

**संदेश :** ढोरी में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत निकाली रैली

# भारत के उज्जवल भविष्य के लिए भ्रष्टाचार को जड़ से करना होगा समाप्तः ढोरी जीएम

आजाद सिपाही संवाददाता





**करगली/बेरमो।** सीसीएल ढोरी में सतर्कता जागरूकता अभियान 2023 के तहत भ्रष्टाचार को मुक्त करने की दिशा में महाप्रबंधक कार्यालय से शुक्रवार को अमला अधिकारी कार्मिक प्रतुल कुमार और कार्मिक प्रबंधक तौकीर आलम के नेतृत्व में रैली निकली गयी। रैली में कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी की छात्राएं बैड बाजा के साथ शामिल हुई। इसके अलावा सदाफल बाल मंदिर, सेंट्रल कॉलोनी, मकोली की छात्राएं सहित यूनियन प्रतिनिधि शामिल रहे। रैली जीएम कार्यालय से निकली जो विभिन्न रास्तों से होते हुए ऑफिसर क्लब में आकर सभा में बदल गयी। जहां बतौर मुख्य अतिथि ढोरी महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। यहां यूनियन प्रतिनिधियों और बच्चों को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी। जीएम ने कहा कि इस वर्ष भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें थीम पर मनाया जा रहा है। यह देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को मनाई जाती है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा और नैतिकता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। हमें अपने आचरण में ईमानदारी के प्रति पारदर्शिता लाने की जरूरत है। अपने कामों में ऐसी पारदर्शिता लायें कि लोग कहने पर विवश हो कि यह ईमानदार है। भारत के उज्जवल भविष्य के लिए भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में इस पर अमल करने की जरूरत है। इस मौके पर एसओ सिविल उज्जवल कुमार सिंह, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एएफएम राजीव रंजन, पर्यावरण अधिकारी गौरव कुमार, एसओ सेफ्टी गोपाल सिंह मीना, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, यूनियन प्रतिनिधि में बैधनाथ महतो, कैलाश ठाकुर, अविनाश सिंह, जवाहलाल यादव, धीरज पांडेय, जयनाथ मेहता, कुंज बिहारी प्रसाद और भीम महतो आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 04 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## एमसीएल को मिले आठ पुरस्कार



संबलपुर (आजाद सिपाही)। कोलकाता में आयोजित 49 वें कोल इंडिया स्थापना दिवस समारोह-2023 के अवसर पर, पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को अधिकतम आठ पुरस्कार से नवाजा गया है। एमसीएल को समग्र प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार मिला, जबकि सुरक्षा और स्टार रेटिंग के लिए कॉर्पोरेट श्रेणी में दो द्वितीय पुरस्कार प्रदान किये गये। कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनी में कर्मचारी कल्याण व कॉलोनी रख रखाव में स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन के लिए एमसीएल के बसुंधरा क्षेत्र की बसुंधरा कॉलेनी को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया। एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक केशव राव ने टीम एमसीएल को बधाई दी। इसी क्रम में कोयला उत्पादन में अहम योगदान देने के लिए संजय कुमार झा, महाप्रबंधक, लखनपुर को बेस्ट एरिया जेनरल मैनेजर का पुरस्कार प्रदान किया गया। व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए केके राउल, महाप्रबंधक को तथा एमसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधक संबित पटनायक को बेस्ट हेड आफ द डिपाटमेंट तथा प्रशांत प्रधान, केंद्रीय कर्मशाला, तालचेर को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
















# जिंदल स्टेनलेस ने बीजिंग में सात स्वर्ण पुरस्कार जीते

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील निमार्ता जिंदल स्टेनलेस को गुणवत्ता प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता सिद्धांत सम्मेलन (आईसीक्यूसी) 2023 में सात स्वर्ण और एक रजत पुरस्कार मिला है। चीन के बीजिंग में आयोजित चार दिवसीय सम्मेलन में इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों की घोषणा की गई। इस दौरान निर्माण क्षेत्र (शॉपफ्लोर) में संचालनात्मक उत्कृष्टता में सुधार और कार्यान्वयन से संबंधित कंपनी की पहलों को मान्यता दी गयी। इस वार्षिक सम्मेलन के 48वें संस्करण में भारत, चीन, इंडोनेशिया, कोरिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड और जाम्बिया जैसे 13 देशों की विभिन्न उद्योगों से जुड़ी 900 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। हिसार की पांच टीमों ने चार स्वर्ण और एक रजत पुरस्कार जीता जबकि जाजपुर की सभी तीन टीमों ने स्वर्ण पुरस्कार अपने नाम किये। मूल्यांकन मापदंडों में परियोजना चयन की विधि, कारक विश्लेषण, प्रति-उपाय सूत्रीकरण की प्रभावशीलता, परियोजना उद्देश्यों की उपलब्धि और मानकीकरण का स्तर शामिल थे। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस मौके पर कहा, जिंदल स्टेनलेस पिछले कुछ वर्षों से आइसीक्यूसी में लगातार पुरस्कार अपने नाम करता रहा है। इस वर्ष का पुरस्कार हमारे समग्र संचालन में उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को मान्यता देता है जो अंततः हमारे सामाजिक व आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करती है। परिचालन दक्षता में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए समस्याओं के समाधान को लेकर हमने अपने दोनों संयंत्रों में निर्माण क्षेत्र पर 440 गुणवत्ता सर्कल टीम गठित की हैं। हाल ही में, जिंदल स्टेनलेस की हिसार टीम ने क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआइ) द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (सीसीक्यूसी) 34वें चैप्टर में दिल्ली चैप्टर में 42 स्वर्ण, सात रजत और एक कांस्य पुरस्कार जीता। क्यूसीएफआइ, भुवनेश्वर चैप्टर द्वारा आयोजित 5वें चैप्टर कन्वेंशन में जाजपुर टीम ने 36 स्वर्ण पुरस्कार भी जीते। उन्हें इसी संगठन की ओर से दूसरा सर्वोच्च टीम भागीदारी पुरस्कार भी मिला।

## एमसीएल ने कोल इंडिया का 49वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने कोल इंडिया लिमिटेड का 49वां स्थापना दिवस समारोह बडे ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ उत्कृष्ट दौड़ तथा अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक केशव राव द्वारा कंपनी मुख्यालय में कोल इंडिया ध्वजारोहण के साथ हुआ। मौके पर एमसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल, निदेशक एके बेहुरा, निदेशक एएस बापट आदि उपस्थित थे। सीएमडी श्री राव ने 17वें जेजी कुमार मंगलम व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन किया। कोल इंडिया के 49वें स्थापना दिवस के अवसर पर एमसीएल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में विजयी स्कूल टीमों को एमसीएल के सीएमडी केशव राव ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समापन सीएमडी केशव राव के साथ-साथ कंपनी के निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी और श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों द्वारा समारोह में सम्मिलित हुए पूर्व निदेशक को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जागृति महिला मंडल की पूर्व उपाध्यक्षाओं को जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा अल्पना शुक्ला राव एवं उपाध्यक्षा रश्मी बेहुरा एवं अंजलि बापट द्वारा सम्मानित किया गया।

## अधिष्ठात्री देवी मां कोट्राक्षी की प्रतिमा जल्द ही जाजपुर लौटेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** जाजपुर जिले के अधिष्ठात्री देबी मां कोट्राक्षी की अष्टधातु से निर्मित प्रतिमा जल्द ही जाजपुर लौटेगी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के काफी प्रयास के बाद यह दुर्लभ मूर्ति मंदिर को वापस मिल जायेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिल्ली कस्टम विभाग को मूर्ति वापस करने का आदेश दिया है। वित्त मंत्री ने केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिख कर अवगत कराया।

बता दें कि बीते 14 जुलाई को धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखे थे। ओड़िशा के लोगों, विशेष रूप से जाजपुर जिले के दर्पणगड के ग्रामीणों ने सांस्कृतिक और विरासत के दृष्टिकोण से उन्हें इस संबंध में पत्र लिखा था।

पत्र में उन्होंने लिखा, पिछले साल दिल्ली हवाईअड्डे पर तस्करी के दौरान एक अष्टधातु की मूर्ति जब्त की गयी थी। बाद में इसे जांच के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास भेजा गया। जांच के बाद एएसआइ ने पाया कि यह मूर्ति जाजपुर जिले के दर्पणगड के अधिष्ठात्री देवी मां कोट्राक्षी की थी।

पता चला कि इस अष्टधातु मूर्ति को नयी दिल्ली एयर कार्गो के सीमा शुल्क आयुक्त के कार्यालय ने जब्त कर लिया है और इसे अपनी हिरासत में रखा है। इसके बाद धर्मेंद्र ने मूर्ति वापस करने के लिए पत्र लिखा। यह मूर्ति जनवरी 2021 में दर्पणगड़ गांव के मंदिर से चोरी हो गयी थी। इसकी सूचना बड़चना थाना को दी गयी थी, लेकिन जब मूर्ति नहीं मिली तो ग्रामीणों ने कुछ महीनों तक इंतजार किया और मंदिर में एक और मूर्ति स्थापित की।

# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोजेक्ट फेलो को मिलेगा भारत संस्कृति संगम-2023 पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विभाग के प्रोजेक्ट फेलो सूर्यकांत बारिक को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित भारत संस्कृति संगम-2023 में गीत श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। अभियान का विषय दुनिया की सुंदरता अंतर में निहित है, समानता में नहीं।




श्री सूर्यकांत ने 22 अगस्त, 2023 को वर्चुअल मोड में इस आयोजन में भाग लिया और जुआरियों द्वारा मूल्यांकन किये जाने के बाद उन्हें प्रथम पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। उन्हें 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा और उन्हें शास्त्री भवन, नयी दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ शिक्षाविदों के साथ बातचीत करने का अवसर मिलेगा। सूर्यकांत के ईमेलः suryakantabarik343@gamil.com

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने 'विविधता' और 'कला' का जश्न मनाने के लिए 'एक भारत संस्कृति संगम' अभियान शुरू किया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों (18 से 30 वर्ष की आयु) को दूसरों की संस्कृति को पहचानने और गले लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है और प्रतियोगियों को एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना पैदा करने के लिए एक अनूठा अवसर देना है, ताकि नृत्य, गीत, फोटोग्राफी, पेंटिंग, मूर्तिकला / स्केचिंग जैसी कलाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जा सके।

श्री बारिक वर्तमान में पोषण संबंधी लक्षणों और जलवायु लचीलापन के लिए दक्षिणी ओड़िशा में उत्तरी पूर्वी घाट क्षेत्र के स्वदेशी फिंगर मिलेट जीनोटाइप की आणविक रूपरेखा पर अनुसंधान परियोजना में एक प्रोजेक्ट फेलो के रूप में काम कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने पुरस्कार के लिए विजेताओं को बधाई दी। स्कूल ऑफ बायोडायवर्सिटी के डीन प्रो शरत कुमार पालिता और डीबीसीएनआर के सहायक प्रोफेसर डॉ देबब्रत पांडा ने उन्हें बधाई दी।

## सोलर वर्ल्ड कांग्रेस में डॉ अच्युत सामंत सम्मानित



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। सोलर एनर्जी सोसाइटी ऑफ इंडिया (एसइएसआइ) ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में सोलर वर्ल्ड कांग्रेस 2023 में किट और किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत को सम्मानित किया। डॉ सामंत को किट और किस के माध्यम से हरित ऊर्जा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। किट और किस को पूरी तरह हरित परिसर बनाने और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ मृत्युंजय महापात्र की उपस्थिति में सोलर एनर्जी सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रफुल्ल पाठक डॉ सामंत को यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर शिक्षा और सामाज सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सौर ऊर्जा और हरित ऊर्जा को व्यापक रूप से बढ़ावा देने के लिए उन्होंने डॉ सामंत की सराहना की। विश्व सौर कांग्रेस में सोलर एनर्जी सोसाइटी ऑफ इंडिया ने कहा कि स्वच्छ, हरित और टिकाऊ भविष्य के लिए डॉ. सामंत के अटूट प्रयास प्रेरणादायक हैं। इससे पहले किस के हरित प्रयासों के लिए 2018 में तेहरान में एनर्जी ग्लोब फाउंडेशन द्वारा प्रतिष्ठित एनर्जी ग्लोब अवार्ड से किस को सम्मानित किया गया था। इंटरनेशनल सोलर एनर्जी सोसाइटी (आईएसईएस) अक्टूबर 30 से 6 दिवसीय आईएसईएस सोलर वर्ल्ड कांग्रेस आयोजित कर रही है।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**